'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक : 216 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए सोमवार, 22 अक्टूबर, 2024 samachargate@gmail.com

मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने जब्त किया करोड़ों का सोना व नशीला पदार्थ

मुंबई। मुंबई के सीमा शुल्क विभाग ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 1.45 करोड़ रुपये का नशीला पदार्थ (मारिजुआना) जब्त किया। यह अवैध पदार्थ बैंकॉक के एक यात्री के पास से जब्त किया गया था। यात्री ने वैक्यूम-सीलबंद पैकेट में 1.45 किलोग्राम गांजा छुपाया था। चेक-इन लगेज में कपड़ों में नशीला पदार्थ लपेटा हुआ था। आरोपियों के खिलाफ सीमा शुल्क अधिनियम और नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। अधिकारियों ने कहा कि आगे की जांच जारी है।

दो करोड़ रुपये का सोना जब्त -

मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने सात मामलों में 2 किलो 427 ग्राम सोना जब्त किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सोने की कीमत 1 करोड़ 70 लाख रुपये है। इसके अलावा 42 लाख रुपये का इलेक्ट्रॉनिक सामान भी जब्त किया गया है। इसमें मोबाइल और टैबलेट शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक अधिकारियों को जानकारी मिली थी कि केन्या, जेद्दा, दुबई, रसूल खैमाह से मुंबई आने वाली उड़ानों के जरिए सोने की तस्करी की जा रही है। जिसके बाद अधिकारियों ने इन विमानों के बाहर जाल बिछा दिया था। इन उड़ानों से आने वाले कुछ यात्रियों की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर उनके दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान इस सोने की तस्करी का खुलासा हुआ।

श्रीलंका ने गिरफ्तार 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेजा

नई दिल्ली। श्रीलंका ने मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया है। दोनों देशों के मछुआरों को एक-दूसरे के जलक्षेत्र में अनजाने में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार किया जाता रहा है। भारतीय उच्चायोग ने एक पोस्ट में कहा कि 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया गया है और वे तमिलनाडु, भारत के लिए रवाना हो गए हैं। मछुआरों का मुद्दा द्विपक्षीय संबंधों में एक विवादास्पद विषय रहा है। श्रीलंका नौसेना की आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक इस साल देश की नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए गए भारतीयों की संख्या बढ़कर 413 हो गई है जबकि 55 नौकाएं जब्त की गई हैं।

बारामूला जिले में सेना ने की घुसपैठ की कोशिश नाकाम

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा पर सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि जवानों ने उरी सेक्टर के कमलकोट इलाके में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधियां देखीं और घुसपैठियों को ललकारा। घुसपैठियों ने जवानों को आता देख गोलीबारी शुरू कर दी जिसका सेना के जवानों ने जवाब दिया। उन्होंने बताया कि इसमें एक घुसपैठिया मारा गया है। उन्होंने दुर्गम इलाका होने के कारण मारे गए घुसपैठिए का शव अभी तक बरामद नहीं हो सका है।

आरएसएस कार्यकर्ताओं पर हमले के आरोपी का घर ढहाया

जयपुर। जयपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 10 कार्यकर्ताओं पर चाकू से हमले के आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाया गया है। बुलडोजर कार्रवाई को अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई बताया जा रहा है। जानकारी अनुसार रजनी विहार इलाके में एक मंदिर में जागरण के दौरान आरोपी बाप-बेटे ने आरएसएस कार्यकर्ताओं पर हमला किया था। गुरुवार को हुए इस हमले के बाद, शुक्रवार को एसीपी गौरीशंकर शर्मा ने मौके पर मुआयना किया। शनिवार को जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने मकान मालिक नसीब चौधरी को नोटिस जारी किया और 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा। जवाब नहीं मिलने पर, रविवार सुबह 10:40 बजे बुलडोजर कार्रवाई शुरु कर दी गई। एसीपी के अनुसार नसीब चौधरी के घर से सामान हटाते समय क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय निवासियों ने चौधरी को भूमाफिया करार देते हुए बताया कि वह मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का विरोध करता था। वहीं पूर्व महापौर शील धाभाई ने इसे एक शर्मनाक और दर्दनाक घटना करार दिया है। उन्होंने कहा कि नसीब ने मंदिर पर कब्जा कर रखा था और इसकी कार्रवाई बहुत पहले हो जानी चाहिए थी। एसीपी शर्मा ने आश्वासन दिया कि मंदिर और पार्क की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की प्रक्रिया जारी रहेगी।

अयोध्या में दीपोत्सव पर निकलेंगी झांकियां, मुस्लिम कारीगर कर रहे तैयार

अयोध्या। इस बार अयोध्या में दीपोत्सव खास होगा। रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं, जिसकी झलक दीपोत्सव में इस बार देखने को मिलेगी। इस बार दीपोत्सव में झांकियां होंगी जिसे दर्जनों मुस्लिम कारीगर बना रहे हैं। रामायण के सातों कांडो पर झांकियां तैयार की जा रही हैं। इसके साथ ही राम मंदिर मॉडल और राम दरबार की झांकियां सबसे खास होंगी। युद्ध स्तर पर झांकियां बनाने का काम किया जा रहा है, जो 27 अक्टूबर को रिहर्सल के लिए नगर भ्रमण पर निकलेंगी। दीपोत्सव हर साल एक नया इतिहास रचता है। इस बार दीपोत्सव में सबसे खास अयोध्या के सड़कों पर निकलने वाली झांकियां होंगी। भगवान राम के जीवन पर आधारित यह झांकियां साकेत महाविद्यालय से निकलकर और लता मंगेशकर चौक तक जाएंगी, जहां सीएम योगी झांकियों का स्वागत करेंगे। 18 झांकियां निकलेंगी जिसमें आठ झांकियां पर्यटन विभाग तो 10 झांकियां सूचना विभाग की हैं। इन झांकियों को 30 से ज्यादा मुस्लिम कारीगर बना रहे हैं, जो पिछले तीन सालों से लगातार दीपोत्सव की झांकियां बनाते आ रहे हैं जिनकी कारीगरी देखते ही बनती है लोग इनकी कारीगरी को निखारने के साथ उनकी तारीफ करना भी नहीं भूलते। दीपोत्सव को चार चांद लगाने के लिए यह झांकियां सुबह 9 बजे साकेत महाविद्यालय से निकलकर राम कथा पार्क तक जाएंगी, जो कि करीब 2 बजे समाप्त होगी।

जनता के विश्वास पर खरा उतरूंगा: राजेश नागर

हरियाणा को देश का नंबर 1 राज्य बनाने का करेंगे प्रयास: राज्य मंत्री राजेश नागर

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। हरियाणा के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजेश नागर का आज रविवार को बदरपुर बॉर्डर पहुंचने पर भाजपा कार्यकताओं व समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत रोड शो बदरपुर बॉर्डर से होते हुए सराय मार्किट, गांव एतमादपुर, वजीरपुर स्थित ड्रीम लैंड 24 वैंक्वेट हाल, गांव भतौला, फरीदपुरए सद्पुरा और तिगांव पहुंचा जगह-जगह आमजन द्वारा फुल मालाओं और हैलीकाप्टर के द्वारा पुष्प वर्षा राज्य मंत्री कर राजेश नागर का स्वागत किया। राज्यमंत्री राजेश नागर ने प्रदेश वासियों का तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने पर आभार व्यक्तकरते हुए कहा कि आमजन ने जो विश्वास भाजपा सरकार में दिखाया है उस विश्वास पर मैं हमेशा खरा उतरूंगा। उन्होंने कहा कि जो भी विकास कार्य रह गए है उन पर जल्द से जल्द कार्य शुरू करवा दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विकास कार्यो को अतिशीघ्र कराने के लिए अधिकारियों के साथ मीटिंग तय कर दी गई है और जो भी अधिकारी समयानुसार कार्य नहीं करेगा उस पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश सरकार विकसित और मॉडर्न हरियाणा के विजन को लेकर एक रोडमैप तैयार करेगी। इस रोड मैप के अनुसार ही हरियाणा प्रदेश को हर क्षेत्र में देश का नंबर 1 राज्य बनाने का हर संभव प्रयास करेगी। इसके लिए प्रदेश के हर नागरिक को साथ लेकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पारदर्शिता और ईमानदारी तथा नेक नीति को लेकर हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी नीतियां लागू करेगी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार प्रदेश के हर वर्ग को साथ लेकर चलेगी व समाज के अंतिम व्यक्ति को लेकर जनकल्याणकारी नीतियों को अमलीजामा पहनाएगी।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, पं. टेक चंद शर्मा सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और कई गावों की मौजिज सरदारी उपस्थित रही।

लोरेंस बिश्नोई एक आतंकवादी है और उसका एन्टाउंटर किया जाना चाहिए : राज शेखावत

वडोदरा। करणी सेना के राष्ट्रीय प्रमुख राज शेखावत ने गैंगस्टर लोरेंस बिश्नोई को लेकर बड़ा बयान दिया है। राज शेखावत ने लोरेंस बिश्नोई को आतंकवादी बताते हुए उसका एन्काउंटर करने की मांग की। वडोदरा में आयोजित पत्रकार परिषद में राज शेखावत ने कहा कि जो डर पैदा हुआ है, उसका जिम्मेदार लोरेंस बिश्नोई हो या उसकी गैंग के आदमी, ऐसे लोगों को माफ नहीं किया जा सकता। एक गैंग का मुखिया जेल में बैठकर विदेशों से देश के व्यापारियों को फिरौती के परेशान करता है। राज शेखावत ने जनता से सवाल किया कि देश के बड़े राजनीतिक और सामाजिक नेताओं की हत्या करता, ऐसे गैंगस्टर का एन्काउंटर कर देना चाहिए या नहीं? उन्होंने

कहा कि जब मैं सेना में था तब कश्मीर में 8 साल सेवा की है। उस वक्त हम आतंकियों का एन्काउंटर कर देते थे। जिसकी वजह कश्मीर आज सुरक्षित हुआ है। अब केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी है कि ऐसे तत्वों को उग्रवादी की श्रेणी में शामिल किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लॉरेंस के लोगों ने जान से मारने की धमकी दी है। इसके बाद हमारी करणी सेना की ओर से गृह मंत्री को ज्ञापन दिया गया। लेकिन लोकसभा के दौरान आंदोलन के कारण उन्होंने मेरी सुरक्षा रद्द कर दी। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लॉरेंस के लोगों ने जान से मारने की धमकी दी है। इसके बाद हमारी करणी सेना की ओर से गृह मंत्री को ज्ञापन दिया गया। लेकिन लोकसभा के दौरान आंदोलन के कारण उन्होंने मेरी सुरक्षा रद्द कर दी।

बीआरएस नेता अपने फार्महाउस खोने के डर से हाइड्रा का विरोध कर रहे हैं: रेवंत रेड्डी

मुंबई (एजेंसी)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता राज्य सरकार की नवगठित हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति संरक्षण एजेंसी (हाइड्रा) का विरोध कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि उनके फार्महाउस ध्वस्त कर दिए जाएंगे।

उन्होंने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह एजेंसी उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगी जिन्होंने जल निकायों और सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करके संरचनाएं बना ली हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने सरकारी अनुमति से अपने मकान बनाए हैं, उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग राज्य की प्रगति और रियल एस्टेट क्षेत्र को नुकसान पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया पर गलत सूचनाएं फैला रहे हैं।मुख्यमंत्री ने जानना चाहा कि क्या बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामा राव और पार्टी विधायक टी. हरीश राव अपने फार्महाउस की वैधता के सत्यापन की अनुमति देंगे। उन्होंने इस उद्देश्य के लिए एक तथ्य-अन्वेषण समिति गठित करने का भी सुझाव दिया।उन्होंने कहा, ''उन्हें (बीआरएस नेताओं को) डर है कि उनके फार्महाउस को ध्वस्त कर दिया जाएगा। इसीलिए वे एजेंसी का विरोध कर रहे हैं। अगर आपने जल निकायों पर अवैध कब्जा नहीं किया है और सरकारी आदेश का उल्लंघन नहीं किया है तो आपको डरने की क्या जरूरत है।

यूपी उपचुनाव में बीजेपी को हराने सपा प्रत्याशियों का करेगी समर्थन कांग्रेस

लखनऊ (एजेंसी)। यूपी की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। इस उपचुनाव में कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी (सपा) को अपना समर्थन देने का फैसला लिया है। कांग्रेस ने पहले पांच सीटों की मांग की थी, लेकिन जब सपा से बात नहीं बनी तो कांग्रेस ने गाजियाबाद और खैर सीटों पर अपनी उम्मीदवारी पर विचार किया। हालांकि यहां भी स्थिति बदलने के बाद कांग्रेस ने अब उपचुनाव में सपा प्रत्याशियों का समर्थन करने का फैसला लिया है।

बता दें इंडिया गठबंधन के तहत सपा ने कांग्रेस के लिए गाजियाबाद और खैर सीट छोड़ दी थी, लेकिन दोनों ही सीटों पर बीजेपी का दबदबा है। गाजियाबाद में 2022 विधानसभा चुनाव में बीजेपी को 61.37 फीसदी वोट मिले थे, जबकि सपा को सिर्फ 18.25 फीसदी और कांग्रेस को महज 4.81 फीसदी वोट मिले थे।

इस परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस नेताओं का मानना है कि उपचुनाव में हारने से बेहतर है कि वे सपा को समर्थन दें, जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल बना रहे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक पार्टी ने लोकसभा चुनाव में 6 सीटें जीतकर अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया है और अब उसकी नजरें 2027 के विधानसभा चुनाव पर हैं। कांग्रेस नहीं चाहती कि उपचुनाव में हार से कार्यकर्ताओं का उत्साह कम हो और पार्टी के अंदर निराशा फैले।

कांग्रेस के इस फैसले के पीछे एक और कारण है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने भी कुर्बानी दी थी, जब उसने अपनी सीटें नहीं मांगी और गठबंधन के तहत बीजेपी को हराने के लिए अपना समर्थन दिया था। अब कांग्रेस भी उसी रास्ते पर है और सपा के प्रत्याशियों का समर्थन करके गठबंधन के सिद्धांतों को मजबूत कर रही है। यह फैसला कांग्रेस द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से लिया गया है ताकि गठबंधन के सहयोग से अपनी राजनीतिक स्थिति को बेहतर किया जा सके और आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी का मनोबल बना रहे।

अधिक बच्चे वाले परिवारों को इन्सेंटिव देगी आंध्र प्रदेश सरकार

हैदराबाद(एजेंसी)। आंध्र प्रदेश सरकार पॉपुलेशन मैनेजमेंट की योजना पर काम कर रही है। इसी वजह से राज्य के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने राज्य के निवासियों को अधिक बच्चे पैदा करने की सलाह दी है। नायडू ने प्रदेश में उम्रदराज लोगों की बढ़ती आबादी को देखते हुए यह सलाह दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पॉपुलेशन मैनेजमेंट की योजना बना रही है। इसके तहत विधेयक लाने के बारे में भी सोचा जा रहा है, जिसमें अधिक बच्चे वाले परिवारों को इन्सेंटिव दिया जाएगा। सिर्फ इतना ही नहीं, एक ऐसा कानून बनाने पर भी विचार चल रहा है, जिसके तहत सिर्फ वही लोग स्थानीय निकाय चुनाव लड़ पाएंगे, जिनके दो से अधिक बच्चे हैं।

मुख्यमंत्री ने दक्षिणी राज्यों में गिरती प्रजनन दर पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यहां फर्टिलिटी रेट 1.6 परसेंट है जो राष्ट्रीय दर 2.1 से काफी कम है। अगर यही हाल रहा तो हमारे यहां 2047 तक बुजुर्गों की आबादी काफी ज्यादा हो जाएगी। उन्होंने कहाकि आंध्र प्रदेश ही नहीं, देश के कई गांवों में अब सिर्फ बुजुर्ग ही बचे हैं। नायडू ने जनसंख्या नियंत्रण पर अपने पहले के प्रयासों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहाकि तब हालात कुछ और थे। तेजी से बढ़ती आबादी के चलते प्राकृतिक संसाधन खतरे में थे। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं।

चंद्रबाबू नायडू ने कहाकि पहले हमने ऐसा कानून बनाया था जिसमें अधिक बच्चे वाले लोग चुनाव नहीं लड़ सकते थे। लेकिन अब हमने उस कानून को खत्म कर दिया है और इसे रिवर्स करने की सोच रहे हैं। अधिक बच्चों वाले परिवारों को सरकार अधिक सुविधाएं देने के बारे में विचार कर रही है। नायडू ने कहाकि वैसे तो हमारे पास 2047 तक डेमोग्राफिक एडवांटेज है। लेकिन दक्षिणी राज्यों खासकर आंध्र प्रदेश में बढ़ती उम्र वालों की आबादी चिंता में डालने वाली बात है। उन्होंने कहाकि जापान, चीन समेत कुछ यूरोपीय देश भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। दक्षिण भारत में यह समस्या इसलिए हो रही है क्योंकि युवा लोग देश के दूसरे हिस्सों में या फिर विदेश चले जा रहे हैं।

जनता की अदालत का मतलब यह नहीं कि संसद में विपक्ष बन जाए: सीजेआई

पणजी(एजेंसी)। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका 'जनता की अदालत' के रूप में बनाए रखना चाहिए। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सर्वोच्च न्यायालय को संसद में विपक्ष की भूमिका निभानी पड़े। दक्षिण गोवा में सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय कानूनी सम्मेलन में बोलते हुए उन्हें ये बातें कही हैं। न्यायामूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि जब समाज बढ़ता है समृद्ध और संपन्न होता है, तो ऐसी धारणा बनती है कि आपको केवल बड़ी-बड़ी चीजों पर ही ध्यान देना चाहिए। हमारा न्यायालय ऐसा नहीं है। हमारा न्यायालय जनता की अदालत है और मुझे लगता है कि लोगों की अदालत के रूप में शीर्ष न्यायालय की भूमिका को भविष्य के लिए संरक्षित रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''अब, जनता की अदालत होने का मतलब यह नहीं है कि हम संसद में विपक्ष की भूमिका निभाएं।''

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'मुझे लगता है, विशेष रूप से आज के समय में, उन लोगों के बीच एक बड़ा विभाजन है जो सोचते हैं कि जब आप उनके पक्ष में निर्णय देते हैं तो उच्चतम न्यायालय एक अद्भुत संस्था है, और जब आप उनके खिलाफ निर्णय देते हैं तो यह एक ऐसी संस्था है जो बदनाम है।' न्यायमूर्ति ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है क्योंकि आप परिणामों के परिप्रेक्ष्य से शीर्ष न्यायालय की भूमिका या उसके काम को नहीं देख सकते हैं। व्यक्तिगत मामलों का नतीजा आपके पक्ष में या आपके खिलाफ हो सकता है। न्यायाधीशों को मामला-दर-मामला आधार पर स्वतंत्रता की भावना के साथ निर्णय लेने का अधिकार है।- उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति को कानूनी सिद्धांत की असंगतता या त्रुटि के लिए न्यायालय की आलोचना करने का अधिकार है।प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'मैं आश्वस्त हूं कि न्यायाधीशों को इससे कोई परेशानी नहीं है, लेकिन समस्या तब होती है जब वही लोग देखते हैं कि अदालत एक विशेष दिशा में जा रही है और वे सभी इसकी आलोचना करने को तत्पर हो जाते हैं क्योंकि परिणाम आपके खिलाफ गया है।''

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, उग्रवादियों ने पुलिस स्टेशन पर किया हमला

इंफाल। मणिपुर के जिरीबाम जिले में उग्रवादियों ने एक बार फिर हिंसक हमला किया है। बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन पर उग्रवादियों ने गोलियां चलाईं और बम फेंके। यह घटना असम सीमा के पास स्थित एक स्कूल को जलाए जाने के एक दिन बाद शनिवार सुबह हुई। उग्रवादियों ने अल सुबह पुलिस थाने पर अंधाधुंध फायरिंग की और हथियार लूट ले गए, जिसका सुरक्षाबलों ने तुरंत जवाब भी दिया। हालांकि, इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस के अनुसार, उग्रवादियों ने आधुनिक हथियारों से हमला किया और बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन के तहत आने वाले एक गांव को निशाना बनाया। इस दौरान सीआरपीएफ और पुलिसकर्मियों ने भी भारी गोलीबारी की। घटना के बाद इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं और बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा रहा है। इस घटना को लेकर मणिपुर के पुलिस महानिदेशक राजीव सिंह ने कहा कि पुलिस सुरक्षा बलों से लूटे गए हथियारों को बरामद करने के प्रयास कर रही है।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 अक्टूबर को गुजरात दौरे पर आएंगे

अहमदाबाद। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह दिवाली से पहले गुजरात दौरे पर आ रहे हैं। 22 अक्टूबर की सुबह अमित शाह गुजरात आएंगे और आणंद के मेहमान बनेंगे। इसके अलावा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 31 अक्टूबर को साळंगपुर हनुमानजी मंदिर में होने वाले मारुति यज्ञ में भाग लेंगे। जानकारी के मुताबिक अमित शाह 22 अक्टूबर को वह आणंद के मेहमान होंगे और एनडीडीबी के डायमंड जुबली समारोह के साथ-साथ अमूल के संस्थापक त्रिभुवनदास पटेल की जयंती में भी शामिल होंगे। आपको बता दें कि 22 अक्टूबर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का जन्मदिन भी है। अपने जन्मदिन पर गृह मंत्री एनडीडीबी के अतिथि होंगे। एनडीडीबी के डायमंड जुबली समारोह में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, गृह राज्यमंत्री हर्ष सांघवी, मंत्री जगदीश विश्वकर्मा समेत अन्य मंत्री, नेता और नेता भी मौजूद रहेंगे।

एक तीर से दो शिकार करना चाहता था भारत: कनाडाई उच्चायुक्त

नई दिल्ली (एजेंसी)। कनाडाई उच्चायुक्त ने भारत के खिलाफ जहर उगला है। कनाडा के उच्चायुक्त कैमरॉन मैके ने कहा कि भारत एक तीर से दो शिकार करना चाहता था लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पाया। भारत एक साथ कनाडा, उत्तर अमेरिका और यूएसए में निशाना साध रहा था। वहीं निज्जर की हत्या और खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश एक ही प्लॉट का हिस्सा हैं। बता दें कि कैमरॉन अब भी भारत में उच्चायुक्त के पद पर हैं।

मैके ने कनाडा के सरकारी एजेंसी को शनिवार को बताया, जिस तरह के अमेरिका ने भारत पर आरोप लगाए हैं उससे पता चलता है कि नई दिल्ली से ही एक ही प्लॉट के तहत निज्जर और पन्नू की हत्या की साजिश की गई थी। ऐसे में कनाडा और अमेरिका के सबूतों को एक साथ रखा जा सकता है। इससे पता चल जाएगा कि बीते एक साल से क्या चल रहा है। मैके ने कहा कि भारत ने बड़ी रणनीतिक भूल कर दी है। वह सोचता है कि कुछ एजेंट उत्तर अमेरिका में हिंसा करेंगे और फिर बच जाएंगे। मैं कनाडा और अमेरिका दोनों की बात कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि रेड लाइन भारत ने क्रॉस कर दी है। बता दें कि अमेरिका ने आरोप लगाया था कि रॉ के लिए काम करने वाले विकास यादव ने पन्नू की हत्या की साजिश रची थी। एफबीआई ने उन्हें मोस्ट वॉन्टेड लिस्ट में रखा है। वहीं इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी रिपोर्ट में यह भी बताया है कि विकास यादव पहले ही रॉ से अलग हो चुके हैं। वहीं किडनैपिंग और उगाही के आरोप में उन्हें दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था।

पहली बार ऐसा हुआ है कि कनाडा के किसी राजनयिक ने इस तरह के आरोप भारत पर लगाए हैं। बता दें कि बीते साल जून में कनाडा में ही खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की कुछ अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी। वहीं अमेरिका में गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप अमेरिका ने भारत पर लगाया है। भारत ने इन सभी आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताकर खारिज कर दिए हैं। बता दें कि मैके के उच्चायुक्त स्टेवार्ट व्हीलर का भी नाम उन राजनयिकों में शामिल है जिन्हें भारत से निष्कासित किया गया है। वहीं नई दिल्ली ने अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को कनाडा से वापस बुला लिया है। कनाडा की सरकार ने उन्हें निष्कासित करने की बात कही थी। भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा भी कनाडा छोड़ चुके हैं।

50 हजार रुपये के लिए हरियाणा पुलिस का एएसआई बेच दिया ईमान, एसीबी ने किया गिरफ्तार

सोनीपत। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सोनीपत जिला के सिटी पुलिस थाने में तैनात एएसआई बलवान सिंह को 50 हजार की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा शिकायतकर्ता के भाई को समझौते की प्रति उपलब्ध करवाने के बदले में रिश्वत की मांग की गई थी। इस मामले में गहनता से जांच जारी है। मिली जानकारी के अनुसार शिकायकर्ता ने उसके भाई के खिलाफ सिटी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज की गई थी। जिस संबंध में दोनों पक्षों के बीच में समझौता हो गया था।आरोपी बलवान सिंह शिकायतकर्ता के भाई को समझौते की प्रति उपलब्ध करवाने के बदले में 50 हजार की रिश्वत की मांग कर रहा है। इस मामले में आरोपी द्वारा शिकायतकर्ता से 3.50 लाख रुपए की रिश्वत पहले ही ली जा चुकी है। मामले की पुष्टि करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए योजना बनाई। रेड के दौरान आरोपी बलवान सिंह रिश्वत की राशि लेकर मौके से फरार हो गया, जिसे कुछ देर बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम द्वारा पकड़ लिया गया था। आरोपी के खिलाफ रोहतक एंटी करप्शन ब्यूरो पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही की गई है। एंटी करप्शन ब्यूरो रोहतक के प्रभारी तेजपाल ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली थी कि सिटी थाने में झगड़े के दौरान दोनों भाइयों का समझौता हो चुका था। उसके बावजूद भी समझौते की प्रति उपलब्ध कराने के लिए एएसआई बलवान सिंह ने 50 हजार की मांग की थी। बलवान पहले भी 3 लाख 50 हजार रुपए ले चुका था। बलवान को रिश्वत के पैसों के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। मामले में गहनता से जांच की जा रही है।

करवा चौथ पर पति की आंखों के सामने पत्नी की मौत, पति के साथ रिश्तेदारी में जा रही थी मृतका

करनाल। हरियाणा के करनाल जिले में ताऊ देवी लाल चौक पर अज्ञात ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति घायल हो गया। महिला अपने पति के साथ रिश्तेदार के यहां संवेदना व्यक्त करने जा रही थी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक रविवार को करवा चौथ के दिन करनाल के कर्ण विहार निवासी बाला देवी अपने पति सुभाष के साथ बाइक पर सवार होकर शिव कॉलोनी में रिश्तेदार के घर जा रही थीं। वे अपने परिवार में किसी ऐसे व्यक्ति के यहां संवेदना व्यक्त करने जा रहे थे, जिसकी दस दिन पहले मौत हो गई थी। सुभाष ने बताया कि ताऊ देवी लाल चौक के पास वे पहुंचे ही थे कि पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रक आया और बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक का संतुलन बिगड़ गया। बाला देवी सड़क पर गिर गई और वह दूसरी साइड गिरा। ट्रक उसकी पत्नी बाला को कुचलता हुआ मौके से फरार हो गया। वहीं जांच अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि महिला बाला देवी की मौत हो गई है, जबकि उसके पति सुभाष घायल हुए है। घायल को अस्पताल भेज दिया है और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

हरियाणा में किसानों की गिरफ्तारी के आदेश : पराली जलाने पर सरकार सख्त...मुख्य सचिव ने डीसी की ली मीटिंग

कैथल। पराली जलाने के मामले में सरकार एक्शन मोड में आ गई है। हरियाणा के चीफ सेक्रेटरी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी उपायुक्तों को आदेश जारी किए हैं कि जिन मामलों में किसानों के खिलाफ पराली जलाने के संदर्भ में केस दर्ज किए गए हैं उनकी जल्दी गिरफ्तारी की जाए। इसके संदर्भ में कैथल पुलिस ने भी कार्रवाई करना शुरू कर दी है। डीएसपी वीरभान ने बताया कि सरकार के आदेशों अनुसार उन्होंने संबंधित थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि जिन किसानों के ऊपर पराली जलाने के मामले दर्ज हुए हैं, उनकी आज ही गिरफ्तारी की जाए।

कैथल में अब तक सामने आए पराली जलाने के 123 मामले

वहीं कृषि विभाग के उपनिदेशक बाबूराम ने बताया कि कैथल में अब तक पराली जलाने के 123 मामले सामने आ चुके हैं, इनमें से 63 किसानों पर जुर्माना लगा 1 लाख 57 हजार रुपयों की रिकवरी कर ली है। इसके साथ ही पराली जलाने वाले 11 किसानों के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में 11 एफआईआर दर्ज करवाई गई है। कैथल उपायुक्त विवेक भारती ने बताया कि आज चीफ सेक्रेटरी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा ली गई मीटिंग में आदेश मिले हैं कि पराली जलाने के मामलों में सख्त से सख्त कार्रवाई करनी है, ताकि बढ़ रहे मामलों पर रोक लगाई जा सके। सुप्रीम कोर्ट द्वारा तलब किए गए आदेशों पर उन्होंने बताया कि उनके पास अभी कोई लिखित में आदेश नहीं आई है न्यूज पेपर के माध्यम से उन्हें इसकी सूचना मिली है।

रोडवेज की बस ने बाइक सवार को कुचला, इलाज के दौरान गई जान

रादौर (कुलदीप सैनी) - प्रदेश में आए दिन सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे है जहां रादौर के एसके मार्ग पर देर रात हरियाणा रोडवेज यमुनानगर डिपो की एक बस ने बाइक सवार को कुचल दिया। दुर्घटना के बाद बस चालक बाइक सवार को काफी दूर तक घसीटते हुए ले गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की पहचान गांव चमरोड़ी के सुभाष के रूप में हुई है। गांव चमरोड़ी निवासी प्रवेश ने बताया कि हादसे में मृतक व्यक्ति उनके गांव का है। प्रवेश ने बताया कि जैसे ही वह सड़क से मुड़ने लगा अचानक पीछे से आ रही बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

गोहाना को जिला, फाटक और जाम मुक्त बनाना है टारगेट : अरविंद शर्मा

चंडीगढ़। जाटलैंड और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का गढ़ कहे जाने सोनीपत जिले की गोहाना विधानसभा सीट पर इस बार पहली बार भारतीय जनता पार्टी को जीत हासिल हुई है। डॉ. अरविंद शर्मा इससे पहले रोहतक लोकसभा से दीपेंद्र हुड्डा

को भी चुनाव में मात दे चुके हैं। ऐसे में गोहाना में पहली बार कमल का फुल खिलाने वाले भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ डॉ. अरविंद शर्मा को पार्टी ने हरियाणा कैबिनेट में शामिल किया है। मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि गोहाना की जनता के लिए उनकी क्या प्राथमिकताएं रहेंगी। गोहाना में पहली बार कमल का फुल खिलाने पर वहां की जनता को बधाई देते हुए अरविंद शर्मा ने कहा कि उनकी प्राथमिकताओं में गोहाना को जिला बनाने के साथ गोहाना को फाटक और जाम मुक्त बनाना शामिल है। इसके अलावा समय-समय पर जनता के बीच से जो भी समस्याएं उनके पास आएंगी, उसे भी वह दूर करवाने का कार्य करेंगे।

राव नरबीर सिंह ने ली अधिकारियो की तगड़ी क्लास, बोले- गुरुग्राम को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाना मेरी प्राथमिकता

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरुग्राम को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाना मेरी प्राथमिकता है। शहर को पॉलीथिन-अतिक्रमण व जाम मुक्त शहर के एजेंडे पर हमें आगे बढ़ना होगा।

राव नरबीर सिंह शनिवार को जिला गुरुग्राम में अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। राव नरबीर सिंह हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री की शपथ ग्रहण करने के उपरांत पहली बार गुरुग्राम में अधिकारियों की बैठक लेने पहुंचे थे।

कैबिनेट मंत्री ने बैठक में गुरुग्राम शहर के विकास को लेकर अपना विजन और एजेंडा रखते हुए कहा कि सभी अधिकारी दीवाली तक गुरुग्राम शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए कार्य करें। गुरुग्राम शहर की सड़कों व जलभराव को लेकर उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण या मरम्मत से पहले ड्रेनेज सिस्टम की सफाई की जाए। उसके उपरांत फुटपाथ सही किए जाए तथा इसके बाद सड़कों का सुधारीकरण किया जाए। जब तक सड़कों पर पानी की निकासी का सिस्टम दुरुस्त नहीं होता तब तक किसी प्रकार का सुधारीकरण न किया जाए। इस कार्य में संबंधित एरिया की आरडब्ल्यूए से भी लिखित में संतुष्टि पत्र लेना होगा।

उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि गुरुग्राम को उसकी वैश्विक छवि के अनुरूप सुंदर व सुव्यवस्थित शहर बनाया जाए। ऐसे में वे अधिकारी जिनके पास दो स्थानों का चार्ज है वे दीवाली से पहले एक जगह का चार्ज छोड़ दें ताकि गुरुग्राम में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा सके।

उन्होंने बैठक में विभागीय अधिकारियों से कचरा एकत्रित करना, सीएंडडी वेस्ट के निस्तारण, शहर के प्रमुख सड़क मार्गों के सुदृढ़ीकरण व सुंदरीकरण, विभिन्न क्षेत्रों में ड्रेनेज सिस्टम, अतिक्रमण, यातायात प्रबंधन को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों से जवाबतलबी भी की।

राव नरबीर सिंह ने चुनाव के दौरान आमजन व विभिन्न संगठनों से मिले फीडबैक के आधार पर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि गुरुग्राम के विकास में किसी प्रकार की कोर कसर नहीं रहनी चाहिए। साथ ही जिन अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर पब्लिक का फीडबैक सही नहीं है वे भी अपनी कार्यशैली में सुधार करें। उन्होंने विभागवार अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए कहा कि गुरुग्राम एक वर्ल्ड क्लास शहर है और इसके विकास को लेकर किसी भी स्तर पर कोताही नहीं होनी चाहिए। कैबिनेट मंत्री ने शहर के कुछ चिन्हित स्थानों का जिक्र करते हुए कहा कि घाटा टी पॉइंट से राष्ट्रीय राजमार्ग 48 तक पानी की निकासी की उचित व्यवस्था की जाए। वहीं हिल्टन रोड सेक्टर 50 से गोल्फ कोर्स रोड पर भी विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने शहर के यातायात प्रबंधन को लेकर भी पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए सही एक्शन प्लान तैयार करें।

इंदौर व कोटा शहर से सीख लेने की दी नसीहत

कैबिनेट मंत्री ने बैठक में कहा कि स्वच्छता इंडेक्स में इंदौर व कोटा शहर अन्य शहरों के लिए उत्कृष्ट उदाहरण है। गुरुग्राम में भी ऐसी व्यवस्था लागू करने के लिए विकास का विजन रखने वाले अधिकारियों को इन शहरों का दौरा करवाया जाए। उन्होंने कहा कि शहर के स्वच्छता इंडेक्स में बढ़ोतरी के लिए जिला प्रशासन व आमजन को सामूहिक प्रयास करने होंगे। कैबिनेट मंत्री ने आमजन से भी आह्वान किया कि वे सरकार व प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों में सहभागी जरूर बने।

दोबारा अतिक्रमण हुआ तो संबंधित क्षेत्र के एसएचओ होंगे जवाबदेह

राव नरबीर सिंह ने शहर में जारी अतिक्रमण मुक्त अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि ऐसा संज्ञान में आया है कि एनफोर्समेंट ड्राइव के उपरांत वही लोग पुनः उस स्थान पर अतिक्रमण कर रहे हैं। उन्होंने सीपी विकास कुमार अरोड़ा को निर्देश दिए कि निर्धारित स्थान पर एक बार अतिक्रमण हटाने के बाद पुनः वहां कब्जा हुआ तो इसके लिए संबंधित क्षेत्र के एसएचओ जवाबदेह होंगे।

इस अवसर पर जीएमडीए के सीईओ ए. श्रीनिवास, गुरुग्राम नगर निगम आयुक्त नरहरि सिंह बांगड़, मानेसर निगम आयुक्त अशोक गर्ग, सहित सभी विभागों के एचओडी व संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

रात के अंधेरे में डीएपी खाद का इंतजार करते रहे किसान, फिर भी नहीं मिली खाद...मायूस होकर लौटे अन्नदाता

चरखी दादरी। दादरी जिले के बाढ़ड़ा कस्बे के खाद बिक्री केंद्र पर रात के अंधेरे में भी किसान डीएपी खाद का इंतजार करते रहे। लेकिन डीएपी के करीब एक हजार बैग खाद बिक्री केंद्र पर पहुंचने के बाद भी उनका वितरण नहीं हो सका। जिसके चलते दिनभर से डीएपी लेने के लिए इंतजार में बैठे में किसानों को मायूस होकर खाली हाथ लौटना पड़ा। बता दें कि रबी सीजन की फसलों की बिजाई का समय आ चुका है लेकिन चरखी दादरी जिले में किसानों को डीएपी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। समय पर डीएपी खाद नहीं मिलने के कारण फसलों की बिजाई का समय प्रभावित हो रहा है। किसानों को शनिवार को सूचना मिली थी कि सरकारी खाद बिक्री केंद्रों पर डीएपी पहुंचेगी। जिसके चलते शनिवार को दिनभर किसान खाद बिक्री केंद्रों पर डेरा डाले बैठे रहे। डीएपी के इंतजार में किसानों वहां बैठे रहे। देर शाम बाढ़ड़ा में करीब एक हजार डीएपी के बैग पहुंचे।

रात में मजदूर नहीं मिलने से अनलोड नहीं हुए ट्रक

रात के समय मजदूर नहीं मिलने के कारण डीएपी के ट्रक अनलोड नहीं किए जा सके। खाद बिक्री केंद्र प्रबंधक ने किसानों को साफ तौर पर कहा कि ट्रक अनलोड हुए बगैर डीएपी का वितरण नहीं करवाया जा सकता। वहीं रविवार को अवकाश के चलते वितरण नहीं किया जा सकता। अब सोमवार को ही डीएपी का वितरण किया जाएगा। जिसके बाद दिनभर से इंतजार कर रहे किसान मायूस होकर खाली हाथ घर लौटने को मजबूर हुए। डीएपी लेने पहुंचे किसान वेदप्रकाश काकड़ौली, भीम सिंह डालावास, मंदीप, सतबीर आदि ने कहा कि वे दिनभर खेतों में काम छोड़कर डीएपी के इंतजार में बैठे रहे लेकिन उन्हें डीएपी नहीं मिल पाई। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन को शीघ्र किसानों को डीएपी उपलब्ध करवानी चाहिए।

5 हजार डीएपी बैग की डिमांड भेजी गई थी

बाढ़ड़ा खाद बिक्री केंद्र प्रबंधक जयवीर मलिक ने बताया कि उनके द्वारा 5 हजार डीएपी बैग की डिमांड भेजी गई थी लेकिन बाढ़ड़ा में फिलहाल एक हजार बैग ही पहुंचे हैं। श्रमिक नहीं मिलने के कारण रात के समय ट्रक अनलोड नहीं हो पाए जिसके चलते खाद का वितरण नहीं हो पाया है। वहीं रविवार को अवकाश है जिसके चलते सोमवार को डीएपी का वितरण किया जाएगा।

'38 मिनट सीसीटीवी बंद कर ईवीएम मशीनों में की गई धांधली', चुनावी नतीजों को लेकर अदालत पहुंचे करण दलाल

पलवल। हरियाणा में विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। इसको लेकर कांग्रेस नेताओं के बयान सामने आ रहे है कोई ईवीएम को लेकर तो कोई चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे है। वहीं आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पलवल से कांग्रेस उम्मीदवार रहे करण सिंह दलाल ने भी भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने आरोप ही नहीं बल्कि ईवीएम मशीनों में धांधली का आरोप लगाते हुए उच्च न्यायालय में याचिका भी लगा दी है। उन्होंने कहा कि जिले के पुलिस कप्तान ने लोगों को डरा धमकाकर भाजपा के पक्ष में मतदान का भी दबाव बनाया।

38 मिनट के लिए सीसीटीवी कैमरे बंद कर की गई धांधली

हरियाणा के पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल ने कहा कि मतगणना की रात्रि पलवल स्ट्रांग रूम के सीसीटीवी कैमरे 38 मिनट के लिए बंद करके ईवीएम मशीनों में धांधली की गई है। हमने कैमरे बंद होने की शिकायत तुरंत स्थानीय प्रशासन को दी थी, जिन्होंने हमें सीसीटीवी फुटेज मुहैया कराने का आश्वासन दिया। बार-बार फुटेज मांगने पर हमें फुटेज मुहैया नहीं कराई गई, जिसके चलते हमें अदालत का सहारा लेना पड़ा है और उन्होंने देश के उच्चतम न्यायालय में इसकी याचिका लगा दी है।

करन दलाल ने कहा कि उन्हें अदालत पर भरोसा है जल्द ही माननीय अदालत की मार्फत ईवीएम मशीनें चेक होंगी और भाजपा की बेइमानी का पर्दाफाश होगा। इतना ही नहीं दलाल ने पुलिस कप्तान पर आरोप लगाते हुए कहा कि यहां के एसपी ने बीजेपी का एजेंट बनकर बीजेपी की मदद करने का काम किया और पूरी पुलिस ने अपने हाथों से भाजपा की शराब और पैसे बांटे हैं। जिस सब की वीडियो क्लिप उनके पास मौजूद है।

हरियाणा विधानसभा स्पीकर बन सकते हैं हरविंद्र कल्याण, जीत की लगा चुके हैं हैट्रिक

चंडीगढ़। नायब सिंह सैनी पार्ट-टू में जहां पंजाबी समुदाय से संबंधित एक मात्र अनिल विज को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिला है। वहीं हरियाणा में रोड बिरादरी और कश्यप बिरादरी को मंत्रिमंडल तथा सत्ता पक्ष में अभी तक कोई भागीदारी नहीं मिली है। रोड बिरादरी का प्रभाव हरियाणा के कई जिलों में काफी ज्यादा है। करनाल, नीलोखेड़ी, असंध, इसराना जैसी विधानसभा सीटों पर रोड बिरादरी का काफी वोट बैंक है। घरोंडा से रोड बिरादरी से संबंधित हरविंद्र कल्याण भाजपा की टिकट पर लगातार तीसरी बार विधायक बने हैं।

रोड बिरादरी के नेता अतीत में ज्यादातर सरकारों में विधायक और मंत्री बनते रहे हैं, जिनमें ईश्वर सिंह रोड, चंदा सिंह, सुलतान जड़ोला, श्रीराम, चौधरी मुलतान सिंह जैसे बड़े नाम शामिल है। चौधरी मुलतान सिंह संयुक्त पंजाब में राज्य मंत्री और हरियाणा गठन के बाद डिप्टी स्पीकर भी रहे हैं। ईश्वर सिंह रोड भी हरियाणा विधानसभा में स्पीकर रहे हैं। वर्तमान में हरविंद्र कल्याण जो तीसरी बार विधायक बने हैं, उनकी गिनती केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निकटवर्तियों में होती है।

भाजपा पार्ट-2 में भी दो विधायक रोड बिरादरी से जितकर आए थे, जिनमें से एक घरोंडा के हरविंद्र कल्याण और दूसरे निर्दलीय विधायक पुंडरी से रणधीर गोलन, जिन्होंने बीजेपी को समर्थन दे रखा था, उन्हें मंत्रिमंडल में कोई स्थान नहीं मिला था। भले ही हरियाणा में मंत्रिमंडल बनाने के लिए किसी भी सरकार में सीमाएं तय है। संख्या सीमित होने के कारण सबकों इसमें शामिल नहीं किया जा सकता। हरियाणा में स्पीकर, डिप्टी स्पीकर, चीफ व्हीप यह तीन महत्वपूर्ण पद सत्ता पक्ष की ओर से भरे जाने हैं। ऐसी चर्चा है कि घरोंडा से तीन बार भाजपा के विधायक बनकर हैट्रिक लगाने वाले हरविंद्र कल्याण को स्पीकर बनाया जा सकता है। हरविंद्र कल्याण सुशिक्षित, बुद्धिजीवी तथा विधेयक कार्यों में महारत रखते हैं। विधानसभा में वह कई कमेटियों में सदस्य तथा प्रमुख कमेटी में अध्यक्ष पद पर भी रह चुके हैं। विधानसभा में विधेयक कार्यों को करने वाली कमेटियों की कार्यप्रणाली की उन्हें बेहतरीन जानकारी है। मधुरभाषी, सहज व सरल स्वभाव के होने के साथ-साथ वह आरएसएस तथा बीजेपी के आला नेताओं की पसंद भी हैं।

डिप्टी स्पीकर का पद पंजाब समुदाय से विधायक बने कृष्ण मिड्ढा या घनश्याम अरोड़ा को दिया जा सकता है और कश्यप बिरादरी से इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप को चीफ व्हीप बनाया जा सकता है। हरविंद्र कल्याण करनाल के लोकसभा चुनाव में जहां से केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने चुनाव लड़ा था, वहां चुनाव के संयोजक थे। उन्हीं दिनों करनाल के उपचुनाव में नायब सिंह सैनी विधानसभा का चुनाव लड़ रहे थे। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अपनी संगठनात्मक क्षमता और विरोधियों को भाजपा की ओर लाकर अपनी कार्यप्रणाली कल्याण पहले ही साबित कर चुके हैं।

राज्यसभा के लिए हरियाणा में बीजेपी के कई दावेदार, कृष्णलाल पंवार के इस्तीफे से खाली हुई एक सीट

चंडीगढ़। हाल ही में हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव में इसराना से चुनाव जीतने के बाद कृष्णलाल पंवार ने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने पंवार का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। ऐसे में राज्यसभा में हरियाणा के हिस्से की एक सीट खाली हो गई है।

हालांकि खाली हुई इस एक सीट के लिए चुनाव कब होंगे, इसकी अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन चर्चा है कि हरियाणा में विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव के बाद कभी भी राज्यसभा की एक खाली हुई सीट के लिए चुनाव हो सकते हैं। राज्यसभा के सदस्य के रूप में कृष्णलाल पंवार का कार्यकाल एक अगस्त 2028 तक का था। उन्होंने 23 अगस्त 2022 को शपथ ग्रहण की थी। ऐसे में अब भारतीय जनता पार्टी की ओर से करीब चार साल के लिए अपने प्रत्याशी को राज्यसभा में भेजा जाएगा।

इस्तीफा देकर मांगा था आशीर्वाद

कृष्ण लाल पंवार ने हाल ही में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात कर उन्हें अपना इस्तीफा सौंपा था, जिसके बाद उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा था कि इसराना के विधायक के रूप में जनसेवा के अपने नए कर्तव्य की ओर कदम बढ़ाए। नई पारी की शुरुआत के लिए सभी अपना आशीर्वाद प्रदान करें। उन्होंने आगे लिखा था कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में इसराना को एक बेहतर और विकसित क्षेत्र बनाने के लिए कृत संकल्पित हूं। बता दें कि पंवार हरियाणा बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं।

बीजेपी ने सहेजी बंसीलाल की राजनीतिक विरासत

बता दें कि विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के सांसद दीपेंद्र हुड्डा की ओर से राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिए जाने पर भारतीय जनता पार्टी ने किरण चौधरी को राज्यसभा में भेजा था। किरण चौधरी का राज्यसभा के सदस्य के रूप में 9 अप्रैल 2026 तक का कार्यकाल है। किरण चौधरी ने कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद अपनी बेटी और समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। इसके एवज में भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल की राजनीतिक विरासत को सहेजते हुए किरण चौधरी को राज्यसभा में भेजने का काम किया। इसके अलावा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने तोशाम से किरण चौधरी की बेटी श्रुति को अपना उम्मीदवार बनाया। तोशाम से विधानसभा चुनाव जीतने के बाद बीजेपी ने उन्हें प्रदेश की नायब कैबिनेट में भी स्थान दिया।

हरियाणा की राज्यसभा सीटों का गणित

हरियाणा की अन्य राज्यसभा सीटों की बात करें तो इनमें बीजेपी के रामचंद्र जांगड़ा 10 अप्रैल 2020 को राज्यसभा के सदस्य चुने गए थे, जिनका कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 तक का है। इसी प्रकार से बीजेपी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला जो 3 अप्रैल 2024 को राज्यसभा के सदस्य मनोनित हुए थे, का कार्यकाल 2 अप्रैल 2030 तक है। इसी प्रकार से बीजेपी में शामिल होने के बाद राज्यसभा पहुंची किरण चौधरी का कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 तक का है। इसके अलावा निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर राज्यसभा का चुनाव लड़े कार्तिकेय शर्मा ने 2 अगस्त 2022 को राज्यसभा के सदस्य के तौर पर शपथ ली थी, इनका कार्यकाल 1 अगस्त 2028 तक का है। हालांकि कार्तिकेय को बीजेपी की ओर से समर्थन दिया गया था। इसी प्रकार से बीजेपी की ओर से राज्यसभा में गए कृष्णलाल पंवार ने 23 अगस्त 2022 को शपथ ग्रहण की थी, जिनका कार्यकाल एक अगस्त 2028 तक था, लेकिन अब उनके इस्तीफे के बाद राज्यसभा में हरियाणा के हिस्से की एक सीट खाली हो गई है।

बीजेपी के पास स्पष्ट बहुमत

हरियाणा विधानसभा के ताजा आंकड़ों को देखे तो इस बार भारतीय जनता पार्टी के पास खुद के 48 विधायक है। इसके अलावा तीन निर्दलीय विधायकों का भी बीजेपी को समर्थन हैं, जबकि कांग्रेस के 37 और इनेलो के 2 विधायक है। ऐसे में यह साफ है कि कोई भी अन्य दल राज्यसभा के चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी के खिलाफ अपना उम्मीदवार मैदान में नहीं उतारेगा, जिससे बीजेपी उम्मीदवार का निर्विरोध राज्यसभा में जाना तय माना जा रहा है।

राज्यसभा के लिए बीजेपी के दावेदार

मौजूदा राजनीतिक हालात में कृष्णलाल पंवार के इस्तीफे से खाली हुई राज्यसभा की एक सीट एक बार फिर से बीजेपी के पास जाती दिखाई दे रही है। ऐसे में इस एक सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी में कई दावेदारों के नामों की चर्चा हो रही है। इनमें भाजपा नेता प्रो. रामबिलास शर्मा, ओमप्रकाश धनखड़, ज्ञानचंद गुप्ता, संजय भाटिया और कुलदीप बिश्नोई के नाम चर्चा में है। हो सकता है कि अंदरखाते अन्य नेता भी लॉबिंग में जुटे हों मगर यह सीट किसके पास जाएगी, फिलहाल यह भविष्य के गर्भ में है। बहुमत नहीं होने के कारण विपक्ष की ओर से इस सीट के लिए किसी को प्रत्याशी बनाए जाने की संभावना बहुत कम है।

पुलिस शहीदी दिवसः प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस अधिकारियों को समर्पित है 21 अक्टूबर

भारत में हर वर्ष 21 अक्टूबर का दिन पुलिस स्मृति दिवस अर्थात पुलिस शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की परम्परा के पीछे भी एक घटना है जिसके पश्चात पूरे भारत में 21 अक्टूबर को एक साथ एक ही समय पर केंद्र एवं राज्य पुलिस बल द्वारा उन कर्तव्य पथ पर न्यौछावर अर्थात बलिदान होने वाले पुलिस कर्मियों का स्मरण किया जाता है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। यह घटना 1959 की है जब चीनी आक्रमण में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 अधिकारी अपने प्राण गवां चुके थे। 20 अक्टूबर 1959 के दिन लद्दाख के अक्साई चिन में हॉट स्प्रिंग में समुद्र तल से 15,000 फीट ऊपर स्थित भारत-तिब्बत सीमा पर अत्यधिक तनाव के कारण, भारत की तीसरी बटालियन की तीन अलग-अलग इकाइयों को भारतीय पुलिस द्वारा संचालित किया गया था। उस समय सीमा पर नियुक्त केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान चीनी हमले से भारत-तिब्बत सीमा की सुरक्षा और निगरानी कर रहे थे। 21 अक्टूबर 1959 को, तीन इकाइयों में से 2 इकाइयाँ वापस लौट आईं। लापता इकाइयों (पोर्टर और 2 पुलिस कांस्टेबल) की तलाश में, सीआरपीएफ ने एक नई इकाई को लापता पुलिस कर्मियों को खोजने का काम सौंपा। जब केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल एक छोटी पहाड़ी पर पहुंची, तो उन्होंने दूसरी ओर से गोलीबारी देखी। उसमें 10 केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी कर्तव्य निर्वहन करते हुए मारे गए थे। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल अधिकारियों के शव एक महीने के पश्चात भारतीय पुलिस बल को वापस कर दिए गए। तब से पुलिस बल के बलिदान का सम्मान करने के लिए, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशकों/ महानिरीक्षकों के वार्षिक सम्मेलन में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। पुलिस स्मृति दिवस के अंतर्गत भारत के लगभग सभी पुलिस मुख्यालय में स्मरण दिवस परेड आयोजित की जाती है। शस्त्र उल्टे (शोक शस्त्र) होते हैं वे वेदना को दर्शाते हैं। इसके साथ में पुलिस अधिकारी अपने कर्तव्य के दौरान शहीद हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल अधिकारीयों की दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देने और सम्मान देने के लिए दो मिनट का मौन रखते हैं। पुलिस अधिकारी शहीदों के सम्मान में तीन-वॉली शॉट भी फायर करते हैं। यह श्रद्धांजलि सभी मुख्यालयों पर एक साथ एक ही समय पर की जाती है जिसमें उन सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम से स्मरण किया जाता है जो अलग अलग समय पर अलग अलग घटनाओं में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए बलिदान अर्थात न्यौछावर हुए हैं। इतना ही नहीं बलिदान होने वाले अधिकारी अथवा कर्मचारी के परिवार से पत्नी अथवा माता पिता को भी अलग से हर वर्ष सम्मानित किया जाता है। पुलिसकर्मियों द्वारा दिए गए बलिदान को चिरस्मरणीय बनाने तथा राष्ट्रीय सुरक्षा व एकता बनाए रखने में पुलिस की उत्कृष्ट भूमिका का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पुलिस स्मृति दिवस, 2018 के अवसर पर चाणक्यपुरी, नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक देश को समर्पित किया था। यह स्मारक पुलिस बलों में राष्ट्रीय पहचान, गर्व, उद्देश्यों में एकरूपता, एक समान इतिहास और भविष्य की भावना भरने के साथ-साथ उनकी इस प्रतिबद्धता को भी और सुदृढ़ करता है कि उन्हें अपने प्राणों के मूल्य पर भी देश की रक्षा करनी है। पुलिस स्मारक में एक केंद्रीय शिल्पकृति के अतिरिक्त ह्यशौर्य की दीवारह्न तथा एक संग्रहालय भी है। केंद्रीय शिल्पकृति के रूप में उपस्थित एक 30 फुट ऊँचा ग्रेनाइट का एकल पाषाण खंड पुलिस कर्मियों की शक्ति, विनम्रता और निःस्वार्थ सेवा का प्रतीक है। इसी प्रकार ह्यशौर्य की दीवारह्न जिस पर शहीदों के नाम उत्कीर्ण हैं, कर्तव्य के पथ पर अपने प्राण न्यौछावर करने वाले पुलिसकर्मियों की बहादुरी और बलिदान के अचल प्रतीक के रूप में उपस्थित है।

पुलिस स्मृति दिवस के पश्चात 22 से 30 अक्तूबर के बीच केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल अथवा केंद्रीय पुलिस संगठनों द्वारा राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर विभिन्न स्मृति कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिसमें शहीदों के परिजनों को स्मारक पर आमंत्रित करना, पुलिस बैंड डिस्प्ले, मोटरसाइकिल रैली, शहीदों के निमित्त दौड़ आदि का आयोजन करने के साथ-साथ पुलिस बल कर्मियों के बलिदान, शौर्य तथा सेवा को दर्शाने वाली फिल्में भी दिखाई जाती है। इस अवधि के अंतर्गत सभी पुलिस बलों अर्थात केंद्र और राज्य पुलिस बलों द्वारा देश भर में इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम भी सम्मिलित किये जाते हैं।

लेखक- डॉ. अशोक कुमार वर्मा

श्री बालाजी परिवार व श्री राम दूतम सेवा फाउंडेशन द्वारा शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन,

हिसार । श्री राम दूतम सेवा फाउंडेशन व श्री बालाजी परिवार ऑटो मार्किट द्वारा10वां विशाल श्री शरद पूर्णिमा मोहत्सव व भंडारा महाराज अग्रसैन भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए श्री राम दूतम सेवा फाउंडेशन के प्रधान कुल प्रकाश गोयल बंटी ने बताय कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 10वां श्री शरद पूर्णिमा भंडारा सायं 5:15बज से अग्रसैन भवन में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। श्री शरद पूर्णिमा माहेत्सव व भंडारा के उपलक्ष्य में श्री बाला जी महाराज को चोला भी चढ़ाया गया कार्यक्रम में मुख्य समाजसेवी, अनिल बालाजी ट्रांस्पोर्ट, सुरेश चंद जैन सिसाय वाले,कृष्ण खारिया,हितेश अग्रवाल समाज सेवी, गौरव जैन,गोबिंद बंसल, समाजसेविका लीना सिंगल रमेश जिंदल,की गरिमामयी उपस्थित रही कुल प्रकाश बंटी गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में विख्यात कलाकारों सजंद मितल,शुभम रुपम,ट्विंकल शर्मा,पवन गेरा,राहुल राज म्यूजिकल ग्रुप,अश्विनं मोरवी साउंड, हिसार से पहुंच कर प्रभु की महिमा का गुणगान किया। बाल जी महाराज एवं श्री श्याम बाबा के सुंदर भजनों ह्यमेरे बाबा घुमा दे सोट म्हारे घर में संकट मोटा है, इतनी कृपा सांवरे बनाए रखना मरते दम तक सेवा में लगाए रखना, ह्यबड़ी दूर से चल कर आया हूं, मेरे बाबा तेरे दर्शन के लिए, जन्म-जन्म का साथ है तुम्हारा, हमारा हमारा तुम्हारा, ह्यमेरा श्याम बडा रंगीला, ह्यमैं नचणा श्याम दे नाल आज मैंनू नल लैण दे, अरे भागे भूत सराटे से बाबा खबर लेवें सोटे से, छोटा-छोटा मेरे बाबा घोटा, छम-छम नाचे देखो योगी मस्ताना, वीर हनुमाना, कहते हैं लोग राम का दिवाना, ह्यर सोटा बाबा का जब घूमे करे कमाल, इसके आगे थर-थर कांपे काल आदि भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में श्री बालाजी परिवार,श्री रामदूतम सेवा फाउंडेशन,श्री श्याम सुंदर अपना परिवार द्वारा भंडारा वितरण किया गया। इस मौके पर संस्था द्वारा आए प्रभु भक्तों को स्मृति चिंह भेंट किया। समारोह में पैंहुचे श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व प्रसाद की उचित व्यवस्था कि गई। कार्यक्रम में प्रधान कुलप्रकाश बंटी के अलावा, जितेंद्र गुप्ता अनिल तनेजा, व समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे व सेवाएं दीं।

नागरिक अस्पताल झज्जर में भी डायलिसिस सुविधा हुई मुफ्तः डीएचएस निदेशक डॉ ब्रह्मदीप सिंह

सरकार द्वारा दी गई आम जनता को डायलिसिस सुविधा का हमें करना चाहिए स्वागत

झज्जर। नई सरकार ने शपथ लेते ही स्वास्थ्य सेवाओं को संजीवनी दे दी है।माननीय मुख्यमंत्री ने शपथ के दूसरे ही दिन क्रॉनिक किडनी रोगियों के लिए फ्री डायलिसिस की घोषणा की है। निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं एवं सिविल सर्जन डॉ ब्रह्मदीप सिंह ने बताया कि नागरिक अस्पताल झज्जर में डायलिसिस सुविधा अभी तक इस व्यवस्था में कुछ केटेगरी के लिए निशुल्क थी। लेकिन कुछ मरीजों से डायलिसिस के लिए कुछ राशि चार्ज की जाती थी।पिछले कुछ सालों से हृदय के साथ-साथ गुर्दे की बीमारी के मरीजों की संख्या में भी तेजी से ही इजाफा दर्ज किया गया है।मरीजों की बड़ती संख्या और प्राइवेट अस्पतालों में महंगे इलाज को देखते हुए सरकारी अस्पताल झज्जर में मरीज को बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से नागरिक अस्पताल में पीपीपी मोड पर डायलिसिस सुविधा निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी विशेष कर ऐसे गरीब लोगों को अधिक फायदा होगा जो डायलिसिस के लिए निजी अस्पतालों में अधिक पैसे खर्च करने में असमर्थ होते थे तो ऐसी स्थिति में किडनी से जुड़े रोग लंबे समय से, डायबिटीज के रोगी और उच्च रक्त चाप जैसी स्थितियों के मरीजों को डायलिसिस चिकित्सा की जरूरत होती है इसी क्रम में सिविल सर्जन झज्जर डॉक्टर ब्रह्मदीप द्वारा सरकार द्वारा की गई घोषणा को धरातल पर अमल में लाने के लिए नागरिक अस्पताल झज्जर में डायलिसिस सुविधा सभी मरीज के लिए निशुल्क उपलब्ध करवाने बारे आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं । अब किसी भी मरीज को निजी अस्पतालों में महंगी दर पर डायलिसिस का खर्चा वहन नहीं करना पड़ेगा जो की बिल्कुल मुफ्त डायलिसिस की जाएगी इस सुविधा के लिए हमें सरकार का स्वागत करना चाहिए।

हरियाणा प्रदेश को देश का नंबर वन राज्य बनाने में भाजपा सरकार हर संभव प्रयास करेगी : राज्य मंत्री राजेश नागर

समाचार गेट /सुमित गोयल

फरीदाबाद, 20 अक्टूबर। हरियाणा के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजेश नागर का आज रविवार को बदरपुर बॉर्डर पहुंचने पर भाजपा कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत रोड शो बदरपुर बॉर्डर से होते हुए सराय मार्केट, गांव एत्मादपुर, वजीरपुर स्थित ड्रीम लैंड 24 वैंक्वेट हाल, भतौला, फरीदपुर, सदपुरा और तिगांव पहुंचा जगह जगह आमजन द्वारा फूल मालाओं और पुष्प वर्षा द्वारा राज्य मंत्री राजेश नागर का स्वागत किया। इस अवसर पर हेलीकॉप्टर द्वारा भी विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा की गई। राज्यमंत्री राजेश नागर ने प्रदेश वासियों का तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने पर आभार व्यक्त करते

हुए कहा कि आमजन ने जो विश्वास भाजपा सरकार में दिखाया है उस विश्वास पर मैं हमेशा खरा उतरूंगा। उन्होंने कहा कि जो भी विकास कार्य रह गए है उन पर जल्द से जल्द कार्य शुरू करवा दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को अति शीघ्र कराने के लिए अधिकारियों के साथ मीटिंग तय कर दी गयी है और जो भी अधिकारी समयानुसार कार्य नहीं करेगा उस पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश सरकार विकसित और मॉर्डन हरियाणा के विजन को लेकर एक रोडमैप तैयार करेगी। इस रोड मैप के अनुसार ही हरियाणा प्रदेश को हर क्षेत्र में देश का नंबर 1 राज्य बनाने का हर संभव प्रयास करेगी। इसके लिए प्रदेश के हर नागरिक को साथ लेकर कार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पारदर्शिता और ईमानदारी तथा नेक नीति को लेकर हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी नीतियां लागू करेगी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार प्रदेश के हर वर्ग को साथ लेकर चलेगी व समाज के अंतिम व्यक्ति को लेकर जनकल्याणकारी नीतियों को अमलीजामा पहनाएगी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार बोहरा, टेक चंद शर्मा सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता और कई गावों की सरदारी उपस्तिथ रही।

पतंजलि योग समिति, हिसार द्वारा आयोजित 8 दिवसीय योग विज्ञान शिविर का समापन - हिंदुस्तानी

हिसार : पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान,हिसार द्वारा चौधरी सूरजमल एंक्लेव रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी के सौजन्य से आयोजित 8 दिवसीय निःशुल्क योग विज्ञान शिविर का आज समापन हुआ। समापन समारोह का आयोजन हवन यज्ञ के साथ संपन्न हुआ, पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान हिसार के प्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र हिंदुस्तानी ने सभी उपस्थित योग साधकों को योग, प्राणायाम, और ध्यान करवाते हुए उनकी बारिकियों से अवगत करवाते हुए योग के नियमित अभ्यास में आने वाली सावधानियों पर भी प्रकाश डाला और जीवनशैली सुधारने के महत्व पर जोर दिया। और खान-पान के स्वस्थ विकल्पों की सही दिनचर्या अपनाने पर विस्तृत से चर्चा की गई। योग शिविर में 21 कुंडिय हवन यज्ञ विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा, जिसे मांगेराम कारेल ने विधिवत संपन्न करवाया। पतंजलि समिति के प्रभारी वीरेंद्र बडाला ने उपस्थित साधकों को जोगिंग और विभिन्न योग अभ्यास करवाए, जिससे सभी को ऊर्जा और उत्साह की अनुभूति हुई। अंत में, भारत स्वाभिमान, हिसार के प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार ने भजनों का सुमधुर गायन किया, जिससे उपस्थित सभी योग साधक मंत्रमुग्ध हो गए। भारत स्वाभिमान के प्रांतीय प्रभारी ईश आर्य का मार्गदर्शन भी सभी को प्राप्त हुआ। योग शिविर ने लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और योग के महत्व को समझाने में विशेष महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मिले उद्योगपति आशीष जैन व अभिषेक जैन, दीपावली की बधाई दी

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। युवा उद्योगपति अल्फा अभिराशी ग्रुप के डायरेक्टर आशीष जैन और अभिषेक जैन ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के दिल्ली स्थित आवास पर उनसे मुलाकात की। इस मौके पर आशीष जैन व अभिषेक जैन ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और उनके परिवार को दीपावली की शुभकामनाएं दी। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने हरियाणा विधानसभा चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर हरियाणा की जनता का धन्यवाद किया। इस मौके पर आशीष जैन और अभिषेक जैन ने कहा कि इन नतीजों का असर हाल में होने वाले महाराष्ट्र और झारखण्ड के चुनाव चुनाव पर भी पड़ेगा क्योंकि जनता विकास और खुशहाली चाहती है जो सिर्फ भाजपा दी दे सकती है। उन्होंने कहा कि एक बात शीशे की तरह स्पष्ट है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मादी की

विश्वसनीयता का मुकाबला किसी भी दूसरी चीज से नहीं किया जा सकता है। हरियाणा में हुई बंपर जीत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों, और कल्याणकारी योजनाओं पर जनता की मोहर है। नरेंद्र मोदी देश के लोगों के दिलों पर राज करते हैं तभी तो लोगों ने दिल खोलकर उनके नाम पर वोट डाला। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर देश व प्रदेश के लोगों की भलाई के लिए जी जान से जुटे हुए हैं। उन्होनें कहा कि कृष्णपाल गुर्जर हमेशा उद्योगपतियों को साथ लेकर चलते है और उनकी हर छोटी से छोटी समस्या का निवारण शीघ्रता से हल करते है। उन्होनें कहा कि हरियाणा की नई सरकार के गठन में फरीदाबाद से केबिनेट मंत्री विपुल गोयल और राज्यमंत्री राजेश नागर के बनने से नए आयाम स्थापित होगें। इस अवसर पर गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार सबका साथ और सबका विकास और सबका विश्वास की नीति से काम कर रही है। उन्होनें कहा कि आज विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है और जल्दी ही भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा।

फरीदाबाद में पराली जलाने पर पूर्णतया प्रतिबंध, जलाने पर लगेगा जुमार्ना

समाचार गेट /सुमित गोयल

फरीदाबाद- बता दे कि दिल्ली एनसीआर में वातावरण की खराब गुणवत्ता के चलते माननीय सर्वोच्च न्यायालय, भारत के निर्देश पर माननीय उच्च न्यायालय, पंजाब और हरियाणा के द्वारा पराली जलाने पर रोक लगाई हुई है। जिसके चलते जिला फरीदाबाद में पराली जलाने पर पूर्णतयाः प्रतिबंध है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पराली जलाने के मामले में पुलिस उपायुक्त यातायात ऊषा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वातावरण के प्रदूषण को देखते हुए मुख्य सचिव कृषि हरियाणा सरकार, चंडीगढ के दिशा-निर्देश के अंतर्गत पराली जलाने पर पूर्णतयाः प्रतिबंध है। स्वास्थ विभाग के अनुसार प्रदूषण से सांस लेने में कठिनाई, ऑखों में जलन, बुखार, खाज, खुजली इत्यादी बीमारी होने की सम्भावना बढ़ जाती है। आमजन से अपील है कि पराली ना जलायें, स्वस्थ जीवन के लिए सहयोग करें, अगर कोई पराली जलता हुआ पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

पानी के बूस्टर से ग्रिल चोरी करने वाले दो आरोपियों को अपराध शाखा ने किया गिरफ्तार

समाचार गेट /ब्यूरो

फरीदाबाद-पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धर पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर 85 की टीम ने पानी के बूस्टर से लोहे की ग्रिल चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में गुलाब और आसिफ उर्फ टीटू का नाम शामिल है। गुलाब देहा कॉलोनी भुपानी तथा आसिफ खान किसान मजदूर कॉलोनी सेक्टर 29 का रहने वाला है। दोनों आरोपियों को वारदात में प्रयोग ऑटो में लोहे की ग्रिल सहित सेक्टर 17 पुल के पास से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने 17 अक्टूबर को गांव ददसिया के पानी के बूस्टर से लोहे की ग्रिल चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। इसके संबंध में थाना खेड़ी पुल में मामला दर्ज किया गया था।

आरोपी चोरी की गई ग्रिल को बेचने के लिए ले जा रहे थे। आरोपी गुलाब पर पूर्व में भी चोरी का मामला दर्ज है। दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

बाल्मीकि आश्रम धर्मार्थ सुधार ट्रस्ट ने भगवान बाल्मीकि जी का प्रकटोत्सव मनाया

समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद। बाल्मीकि आश्रम धर्मार्थ सुधार ट्रस्ट द्वारा गांधी कालोनी स्थित भगवान बाल्मीकि आश्रम में भगवान बाल्मीकि जी का प्रकटोत्सव धुमधाम से मनाया गया। इस मौके पर नगरपालिका संघ हरियाणा के प्रदेशध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री,समाजसेवी सुरजीत नागर,नगर निगम यूनियन फरीदाबाद के प्रधान गुरचरण खाडिया व बाल्मीकि सेना के अध्यक्ष राकेश पाल उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन बाल्मीकि आश्रम धर्मार्थ सुधार ट्रस्ट के प्रधान किशोरी लाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर भगवान बाल्मीकि जी के जीवन पर आधारित विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर नरेश शास्त्री ने भगवान बाल्मीकि जी के प्रकट दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान बाल्मीकि के आर्दशों पर चलने की आज समाज को जरूरत है। इस मौके पर किशोरी लाल ने कहा कि भगवान बाल्मकि जी रामायण के रचियता थे जिन्होनें रामायण को लिखकर सभी को यह संदेश दिया कि हमें झूठ,फरेब से दूर रहना चाहिए तथा हमेशा समाज के उद्धार के लिए आगे आना चाहिए। उन्होनें कहा कि हमें बुरी कुरीतियों को मिटाकर एक स्वच्छ समाज की स्थापना करनी चाहिए और सभी को संगठित रहना चाहिए क्योकि एकता में बल है। इस अवसर पर बाल्मीकि सेना के अध्यक्ष राकेश पाल और समाजेसवी सुरजीत नागर ने कहा कि भगवान बाल्मीकि जी ज्ञान के भंडार है। उन्होनें कहा कि श्रृष्टिकर्ता भगवान बाल्मीकि जी ने शिक्षा के प्रसार को बढ़ाया इसलिए हमें भी शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए और अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलानी चाहिए और बुरे कामों से बचाना चाहिए। उन्होने कहा कि हम जल्दी ही भगवान बाल्मीकि जी के नाम से एक स्कूल खोलने जा रहे है जिसमें समाज के गरीब लोगों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा व पाठ्ठ सामग्री दी जाएगी। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक बाल्मीकि आश्रम धर्मार्थ सुधार ट्रस्ट के अध्यक्ष किशोरी लाल व सर्वसमाज ने गणमान्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बाल्मीकि सेना के प्रधान राकेश पाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे बाल्मीकि समाज का धन्यवाद किया। इस मौके पर शादी लाल प्रधान,मनोहर लाल,शैनू उर्फ बसंत बालगुहेर प्रधान भगतसिंह कालोनी ,अजय बालगुहेर,राकेश पाल, धनसिंह प्रधान,,खूबीराम चौधरी,सुभाष गहलोत,रम्मी ठेकेदार,राजेश,पप्प सहयोगी,हरीश,मामचंद उर्फ बब्लु,प्रदीप,रिन्कू पारछा,बलूर कांगड़ा,बलूर बहोत,बिजेन्द्र पारछा,राजू भारती,नीरज,सौदे,रोहित चौधरी,मुकेश पिवाल,युवा अध्यक्ष अमित कल्याणा,टेकचन्द टांक,वेदू प्रधान,सुनील,शोभाराम,रमेश बल्ले मास्टर,महेश जयंती प्रसाद,कमल,राजेन्द्र,रमेश सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

संपादकीय

युद्ध नहीं, सिर्फ बुद्ध

भारत दुनिया को युद्ध नहीं, बल्कि बुद्ध की शिक्षाएं दी हैं, दुनिया का समाधान बुद्ध में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता दिये जाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में यह कहा। संयुक्त राष्ट्र में अपने संबोधन को याद करते हुए कहा हमने दुनिया को बुद्ध की शिक्षाएं दी हैं। यह हमें याद दिलाता है कि करुणा और सद्भाव ही दुनिया को बेहतर स्थान बनाने की कुंजी है। अभिधम्म दिवस भगवान बुद्ध के अभिधम्म की शिक्षा देने के बाद अवतरण की याद दिलाता है, जिसे मूल रूप से पाली भाषा में लिखा गया है। पाली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने को उन्होंने भगवान को बुद्ध को श्रद्धांजलि बताया। इस कार्यक्रम में चौदह देशों के शिक्षाविदों व भिक्षुओं ने भाग लिया। केंद्र सरकार ने अलग साहित्यिक परंपराओं वाली भाषाओं, जो मौलिक हों और जिन्हें किसी अन्य भाषा समुदाय से उधार नहीं लिया गया है, उन्हें शास्त्रीय भाषा के तौर पर चिह्नित किया है। पाली, प्राकृत, मराठी, असमिया व बंगाली को इसी माह शास्त्रीय भाषा के तौर पर चिह्नित किया है। इनमें से पाली भाषा को बुद्ध की विरासत माना जाता है। भगवान बुद्ध की शिक्षाएं व प्रमुख ग्रंथ त्रिपिटक मूल रूप से पाली भाषा में ही उपलब्ध हैं। यह भारत की प्राचीनतम ज्ञात भाषाओं में से है। जिसे ब्राह्मी लिपि में लिखा जाता है। फिलवक्त रूस-यूक्रेन, इस्राइल-फिलिस्तीन जैसे मुल्कों के बीच जारी युद्ध में बेगुनाह लोग मारे जा रहे हैं, वे विस्थापन झेलने को मजबूर हैं, उनको आवास, भोजन, पीने का पानी, जरूरी दवाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में बुद्ध की शिक्षाओं के माध्यम से शांति का पथ-प्रशस्त करके अस्थिरता व अशांति से मुक्ति का मार्ग पाया जा सकता है। विश्व शांति के लिए बुद्ध को याद करना जख्म पर मलहम लगाने जैसा हो सकता है। इस सख्त वक्त में मोदी ने बुद्ध के ज्ञान को दोहरा कर बड़ा संदेश देने का सार्थक प्रयास किया है। हालांकि बौद्ध धर्म के दुनिया में जितने अनुयायी हैं, उस अनुपात में यदि उनकी शिक्षाओं पर तनिक भी आस्था होती तो इस अशांति से मानव यूं त्रस्त न होता।

चिंतन-मनन

भगवान का सबसे प्रिय आहार अहंकार

अहंकार शब्द बना है अहं से, जिसका अर्थ है मैं। जब व्यक्ति में यह भावना आ जाती है कि जो हूं सो मैं, मुझसे बड़ा कोई दूसरा नहीं है तभी व्यक्ति का पतन शुरू हो जाता है। द्वापर युग में सहस्त्रबाहु नाम का राजा हुआ। इसे बल का इतना अभिमान हो गया कि शिव से ही युद्ध करने पहुंच गया। भगवान शिव ने सहस्त्रबाहु से कह दिया कि तुम्हारा पतन नजदीक आ गया है। परिणाम यह हुआ कि भगवान श्री कृष्ण से एक युद्ध में सहस्त्रबाहु को पराजित होना पड़ा। रावण विद्वान होने के साथ ही महापराक्रमी था। उसे अपने बल और मायावी विद्या का अहंकार हो गया और उसने सीता का हरण कर लिया। इसका फल रावण को यह मिला कि रावण का वंश सहित सर्वनाश हो गया। अंत काल में उसका सिर भगवान राम के चरणों में पड़ा था। भगवान कहते हैं मेरा सबसे प्रिय आहार अहंकार है अर्थात अहंकारियों का सिर नीचा करना भगवान को सबसे अधिक पसंद है। अहंकारी का सिर किस प्रकार भगवान नीच करते हैं इस संदर्भ में एक कथा है कि, नदी किनारे एक सुन्दर सा फूल खिला। इसने नदी के एक पत्थर को देखकर उसकी हंसी उड़ायी कि, तुम किस प्रकार से नदी में पड़े रहते हो। नदी की धारा तुम्हें दिन रात ठोकर मारती रहती है। मुझे देखो मैं कितना सुन्दर हूं। हवाओं में झूमता रहता हूं। पत्थर फूल की बात को चुपचाप सुनता रहा। पानी में घिसकर पत्थर ने शालिग्राम का रूप ले लिया था। किसी व्यक्ति ने उसे उठाकर अपने पूजा घर में स्थापित किया और उसकी पूजा की। पूजा के समय उस व्यक्ति ने फूल को शालिग्राम के चरणों में रख दिया। फूल ने जब खुद को पत्थर के चरणों में पाया तो उसे एहसास हो गया कि उसे अपने अहंकार की सजा मिली है। पत्थर ने अब भी कुछ नहीं कहा वह फूल की मन स्थिति को देखकर मुस्कुराता रहा।

एक कदम आगे

विदेश मंत्री एस. जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा से नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच रिश्तों में जमी बर्फ पिघलने के संकेत मिल रहे हैं। जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में हिस्सा लेने पाकिस्तान गए थे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने उद्घाटन भाषण में न तो कश्मीर का जिक्र किया और ना ही भारत के विरुद्ध किसी तरह का तीखा बयान दिया। आम तौर पर किसी भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर कश्मीर के मुद्दे पर विवादित बयान देने से शहबाज पीछे नहीं हटते। अभी पिछले ही दोनों संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर को लेकर उन्होंने विवादास्पद बयान दिया था। विदेश नीति के जानकारों का मानना है कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ चाहते हैं कि दोनों देशों के बीच रिश्ते बहाल हो। लोगों को याद होगा कि एससीओ के विदेश मंत्रियों की पिछले वर्ष गोवा में हुई बैठक भारत-पाक के बीच वाक युद्ध में बदल गई थी। वास्तव में एससीओ में पाकिस्तान को शामिल किए जाने के बाद भारत ज्यादा उत्साहित नहीं था। इन दोनों देशों की तकरार से एससीओ के पटरी से उतरने का खतरा था। इसे देखते हुए रूस और चीन ने सी प्लस 2 को आकार दिया था। मध्य एशिया के पांच देशों कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान और तुर्कमेनिस्तान के साथ रूस और चीन इस मंच में शामिल हैं। इन देशों की यूरेशिया क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर सामान चिंता है और रणनीतिक हितों में मेल है। एससीओ यदि यूरेशिया क्षेत्र में सुरक्षा का कोई नया ढांचा खड़ा करने की पहल करता है तो यह अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए चिंता का विषय होगा। जहां तक भारत का सवाल है तो वह इस क्षेत्र को अपना विस्तारित पड़ोसी क्षेत्र मानता है। हाल के दिनों में जयशंकर ने स्पष्ट रूप से कहा था कि इस भूभाग के साथ भारत के रणनीतिक हित जुड़े हुए हैं। जाहिर है एससीओ एक ऐसा मंच है जहां से भारत अपने रणनीति खेतों का संरक्षण कर सकता है। इसलिए भारत चाहता है कि एससीओ की सक्रियता एवं जीवंतता बनी रहे। अगर भारत और पाकिस्तान के रिश्ते बहाल होते हैं तो एससीओ की प्रासंगिकता भी भारत के लिए बनी रहेगी। भारत का नजरिया साफ है। अगर पाकिस्तान सीमा पर आतंकवाद पर पुख्ता तौर पर लगाम लगाए तो नई दिल्ली इस्लामाबाद के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बहाल करने पर गंभीरता से विचार कर सकता है। एससीओ की बैठक में पाकिस्तान ने भारत के प्रति सकारात्मक रूप प्रदर्शित किया है और भारत ने भी उसका सम्मान किया है। आने वाले दिनों में पता चल जाएगा कि इस दिशा में कहां तक प्रगति होती है।

चिंतन-मनन

जीवन का अर्थ बताती है अर्थी

जीवन भर व्यक्ति इसी सोच में उलझा रहता है कि उसका परिवार है, बीवी बच्चे हैं। इनके लिए धन जुटाने और सुख-सुविधाओं के इंतजाम में हर वह काम करने के लिए तैयार रहता है जिससे अधिक से अधिक धन और वैभव अर्जित कर सके। अपने स्वार्थ के लिए व्यक्ति दूसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए भी तैयार रहता है। जबकि हर व्यक्ति के शरीर में आत्मा रूप में बसा ईश्वर गलत तरीके से, दूसरों को अहित पहुंचाकर लाभ पाने के लिए मना करता है। लेकिन जब व्यक्ति आत्मा की बात नहीं सुनता है तो आत्मा मौन धारण कर लेती है। आत्मा को उस दिन का इंतजार रहता है जब व्यक्ति अर्थी पर पहुंचता है। इस समय व्यक्ति को जीवन का अर्थ और आत्मा की कही बातें याद आती है। लेकिन इस समय पश्चाताप के अलावा कुछ और नहीं बचता है। सब कुछ मिट्टी में मिल चुका होता है। आपने मृत व्यक्ति को बांस की फट्टियों पर लेकर जाते हुए कभी न कभी जरूर देखा होगा। बांस की फट्टियों पर जिस पर शव को लिटाया जाता है इसे अर्थी कहते हैं। अर्थी को उठाने के लिए चार कंधों की जरूरत पड़ती है।

साकरस गांव के दो युवकों की सड़क हादसे में हुई मौत

(अनिल मोहनियां नूंह)

नूंह जिले के साकरस व बोड़ी कोठी रोड़ पर अपनी मोटरसाइकिल के पास सड़क के किनारे खड़े दो नाबालिग लड़कों को ट्रेक्टर ने टक्कर मार दी, जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई और दुसरे लड़के को मांड़ी खेड़ा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार की देर सायं साकरस गांव के रहने वाले सहवान और शाद अपनी बाइक से बोड़ी कोठी आए थे,जब उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल सड़क के किनारे खड़ी कर आपस में बातचीत कर रहे थे, तभी एक ट्रेक्टर ट्राली ने दोनों युवकों में टक्कर मार दी। जैसे ही ट्रैक्टर ने टक्कर मारी तो सहवान की मौके पर ही मौत हो गई और शाद गंभीर रूप से घायल हो गया। जैसे ही एक्सीडेंट की आवाज आसपास के लोगों को सुनाई दी तो लोग मौके पर पहुंचे। जहां पर

एक की मौत हो गई और दूसरे को गंभीर हालत में लोगों ने उठाकर गाड़ी में बैठा कर मांड़ी खेड़ा के लिए सरकारी अस्पताल में ले जाया गया। लेकिन उपचार के दौरान डॉक्टर ने साद को भी मृत्यु घोषित कर दिया। जैसे ही पुलिस को इस सड़क दुर्घटना की खबर मिली तो पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मांड़ी खेड़ा के अस्पताल में पहुंचाया, जहां पर पुलिस ने दोनों शवों को मोर्चरी में रखवा कर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की। जांच अधिकारी एएसआई जमशेद खान ने बताया कि जैसे ही पुलिस को सूचना मिली कि एक ट्रैक्टर ट्राली ने साकरस बॉडी कोठी रोड पर एक मोटरसाइकिल के समीप खड़े दो युवकों को टक्कर मार दी है, तो पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। जहां पर एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी और दूसरे युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जांच अधिकारी ने बताया कि दोनों शवों का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों का सौंप दिया है। जांच अधिकारी का कहना है कि जल्द ही ट्रेक्टर चालक को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर को भी बरामद किया जाएगा। साकरस गांव के दो नाबालिक युवाओं की जिनकी उम्र लगभग 14 और 15 वर्ष है। कि मौत होने से गांव में सन्नाटा छा गया है। साकरस गांव के लोगों को जैसे ही इसकी सूचना मिली गांव से लोग मांडी खेड़ा अस्पताल में इकट्ठे होते चले गए। जहां पर पूरी तरह गमगीन माहौल बन गया

और एक ही मोहल्ले के दोनों युवाओं की मौत से गांव में पूरी तरह मातम छा गया। गांव के पूर्व सरपंच फजरूददीन बेसर ने बताया कि गांव के दोनों युवक किसी काम से कोठी आ रहे थे, तभी जब वह सड़क के किनारे अपनी मोटरसाइकिल को खड़ी कर आपस में बातचीत कर रहे थे, तभी एक ट्रैक्टर ने दोनों को टक्कर मार दी। जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरे की उपचार के दौरान मौत हो गई। दोनों नाबालिक युवाओं की मौत होने से गांव में सन्नाटा छा गया है और गांव में पूरी तरह गमगीन माहौल बना हुआ है। उन्होंने बताया कि दोनों ही मृतक लडके एक ही मोहल्ले के थे। जिससे एक साथ एक मोहल्ले से दो जनाजे उठने पर लोगों में काफी गमगीन माहौल है।

होडल मैं विधायक हरेंद्र रामरतन के सम्मान में समारोह का आयोजन

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज

होडल की घारम पट्टी में रविवार को होडल विधानसभा से भाजपा के नवनियुक्त विधायक हरेंद्र रामरतन की जीत की खुशी में बीजेपी कार्यकताओं द्वारा एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पट्टी के बड़े बुजुर्ग गणमान्य लोगों ने नवनियुक्त विधायक का फूल माला व पटका पहना कर स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में पहुंचे नवनिर्वाचित विधायक हरेंद्र रामरतन ने सभी लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह मेरी जीत नहीं है होडल की जनता की जीत है होडल के बीजेपी के कर्मठ कार्यकताओं की जीत है। उन्होंने कहा कि वह सिर्फ बीजेपी पार्टी के एक सामान्य कार्यकर्ता थे जिसको होडल की जनता के आशीर्वाद से बीजेपी पार्टी ने अपना प्रत्याशी का चेहरा बनाया। मेरे साथ बीजेपी के सभी कार्यकताओं ने बहुत ही कड़ी मेहनत करके यह चुनाव जीता है। हरेंद्र रामरतन ने कहा कि मैं होडल के लोगो का बेटा हु भाई हु और हमेशा रहूंगा मैं धरातल पर रहकर होडल की जनता की सेवा करूंगा और होडल के लॉबित पड़े अधूरे विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा

करवाऊंगा। विधायक हरेंद्र रामरतन ने कहा कि जो आशीर्वाद होडल की मेरी देवतुल्य जनता ने उन्हें देकर चंडीगढ़ भेजा है वह उनके आशिर्वाद पर भरोसे पर खरा उतरेंगे और होडल को आने वाले समय में विकास की नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन जगमोहन गोयल, मनोज सोरोत, रामगोपाल, लाल जी नंबरदार, जयराम, सतवीर नंबरदार, भूपेश गोयनका, अनिल गर्ग, जसवंत, अशोक मित्तल, दलवीर, वीरसिंह, रोहताश के अलावा दर्जनों समर्थक मौजूद थे।

कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी 21अक्टूबर को गांव गोलागढ़ पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल तथा पूर्व मंत्री चौधरी सुरेंद्र सिंह की समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगी

भिवानी/तोशाम। प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी 21अक्टूबर को गांव गोलागढ़ पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल तथा पूर्व मंत्री चौधरी सुरेंद्र सिंह की समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगी। इसके बाद श्रुति चौधरी भिवानी में लघु सचिवालय स्थित ड-ीआरडीए हॉल में जिला स्तर के अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की समीक्षा करेंगी और आवश्यक निर्देश देंगी। श्रीमति श्रुति चौधरी तोशाम तथा जूई की अनाज मंडी का निरीक्षण कर बाजारा तथा कपास की खरीद प्रक्रिया का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगी। तत्पश्चात कैबिनेट मंत्री तोशाम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवो का दौरा कर कार्यकताओं से रूबरू भी होंगी। उपायुक्त महावीर कौशिक ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी 21 अक्टूबर को गोलागढ़ स्थित पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल तथा पूर्व मंत्री चौधरी सुरेंद्र सिंह की समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित

श्रीमति श्रुति चौधरी तोशाम तथा जूई की अनाज मंडी का निरीक्षण करेंगी और तोशाम क्षेत्र के विभिन्न गांवो का दौरा करेंगी

करेंगी। इसके बाद श्रीमति श्रुति चौधरी भिवानी में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश देंगी।उन्होंने बताया कि कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी गांव बापोड़ा मोड़, बीरण बस स्टैंड,तोशाम अनाज मंडी, दुल्हेडी बस स्टैंड,कैरू शिव चौक ,जूई अनाज मंडी,लोहानी बस स्टैंड आदि गांवों का दौरा कर कार्यकताओं से रूबरू होंगी। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी कैबिनेट मंत्री के दौरे के दौरान उनके साथ रहेंगे।

सामुदायिक पुलिसिंग टीम ने एस ओ एस प्राथमिक स्कूल, अनंगपुर में विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा,

महिला सुरक्षा व नशे के दुष्परिणाम की जानकारी देखकर किया जागरूक

समाचार गेट /सुमित गोयल

फरीदाबाद- पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल व्हर, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग टीम एस ओ एस प्राथमिक स्कूल, अनंगपुर में विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को ह्यपुलिस की पाठशाला का आयोजन कर जागरूक किया है।

यातायात नियम की जानकारी

छात्रों को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई, जैसे कि सड़क पार करने से पहले दोनों ओर देखना, हमेशा पैदल चलने के लिए फुटपाथ का इस्तेमाल करना, और साइकिल चलाते समय हेलमेट पहनना।kअभिभावकों को भी सलाह दी गई कि वे अपने बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें और चार पहिया वाहन में सफर करते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें।

साइबर फ्रॉड के बचाव

छात्रों को समझाया गया कि जब वे मोबाइल पर गेम खेल रहे हों या इंटरनेट का उपयोग कर रहे हों, तो किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, क्योंकि इससे साइबर धोखाधड़ी का खतरा हो सकता है। अभिभावकों को यह सुझाव दिया गया

कि वे बच्चों के फोन उपयोग पर ध्यान रखें और उन्हें सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के बारे में शिक्षित करें। साथ ही, अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स की सुरक्षा के लिए नियमित रूप से पासवर्ड बदलें, टू-स्टेप वेरीफिकेशन ऑन रखें, और प्रोफाइल को लॉक रखें।

नशा मुक्त समाज का संदेश:

सभी को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया और यह बताया गया कि नशा किसी भी प्रकार का हो, समाज के लिए हानिकारक है। उपस्थित लोगों को प्रोत्साहित किया गया कि यदि उनके आस-पड़ोस में कोई अवैध नशीली दवाओं का व्यापार करता है, तो उसकी सूचना हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की हेल्पलाइन 90508-91508 पर दें।

सूचना देने वाले का नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा। कार्यक्रम के अंत में, सामुदायिक पुलिसिंग टीम ने सभी से अनुरोध किया कि वे फरीदाबाद को अपराध मुक्त, नशा मुक्त, और सड़क दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए पुलिस के साथ सहयोग करें। पुलिस ने यह भी कहा कि आम जनता उनके "कान और आंख" के रूप में कार्य करती है, और उनके सहयोग से ही समाज में अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है।

राजनीतिक जलसे में जेब तराशी होने की चंहुओर चर्चा

-जेबकतरों के पीछे पुलिस की सुस्ती से निकाले जा रहे राजनीतिक संरक्षण प्राप्ती के मायने

कनीना सुनील दीक्षित

राजनेताओं के जलसे में जेब काटे जाने की घटना को लेकर कानून एवं व्यवस्था के पिटते दिवाले पर अब चंहुओर चर्चा होने लगी है। आमजन में चर्चा इस बात कि है कि मंत्री के जसले में ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वाले व्यक्तियों के पीछे कहीं पुलिस की सुस्ती के पीछे राजनेताओं का संरक्षण प्राप्त तो नहीं है। अकेले आरती राव का जलसा ही नहीं बल्कि क्षेत्र में आयोजित हुई इससे पूर्व की रैलियों में भी कमोबेश ऐसी घटनाएं सामने आती रही हैं। इसका सीधा-सीधा अर्थ अपराधियों में सरकार, कानून-व्यवस्था व पुलिस प्रशासन का खोफ नहीं रहा है। जिससे लगातार बढती घटनाओं ने आमआदमी को सौचने पर विवश कर दिया है। बता दें कि मंत्री बनने के बाद केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की पुत्री आरती सिंह राव कैबिनेट मंत्री बनने के बाद 19 अक्टूबर को कनीना के एक समारोह स्थल एवं अटेली की आनाज मंडी में कार्यकताओं एवं मतदाताओं का आभार जताने आई थी। भीडभाड होने के चलते भीड में छुपे जेब तराशों ने कनीना में 12 तो अटेली में 3 सहित करीब 15 व्यक्तियों की जेब काट ली। जिनमें चोर हजारों रुपए की नकदी सहित जरूरी कागजात भी ले उडे। 5-6 लोगों ने पुलिस थाने में शिकायत भी दर्ज कराई है। पीडीत व्यक्तियों हेमंतकृष्ण सिहमा, दलीप सिंह, राजेंद्र यादव, महेंद्र सिंह, मनोज कुमार कनीना, सुनील कुमार ने बताया कि अपराधियों ने दर्जनभर से अधिक व्यक्तियों को निशाना बनाया है। कनीना शहर थाना इंचार्ज रतन सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने पर जेब कतरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। रानीतिक जलसे में जेब तराशने वाले लोगों की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

मकान का ताला तोडकर अज्ञात चोरों ने 65 हजार की नकदी सहित मोबाईल व जेवरात चुराए

-खेडी तलवाना से गुरूग्राम समारोह में हिस्सा लेने गया था परिवार

कनीना सुनील दीक्षित

सर्दी का मौसम शुरू होने से पूर्व बढती चोरी की घटनाओं से आम आदमी सहमा हुआ है। जिसे लेकर माना जा रहा है कि चोरों में पुलिस प्रशासन का भय नहीं रहा है। इसी कडी में कनीना खंड के गांव खेडी तलवाना में एक मकान का ताला तोडकर अज्ञात चोरों ने मोबाईल फोन एवं 65 हजार रुपए की नकदी सहित जेवरात चोरी कर लिया। खेडी तलवाना का परिवार गुरूग्राम में आयोजित सामाजिक समारोह में हिस्सा लेने गया था,पीछे से चोरों ने वारदात को अंजाम दे दिया। इस बारे में सुबेसिंह ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह 18 अक्टूबर को सुबह करीग 11 बजे गुरूग्राम में एक कुआंपूजन समारोह में हिस्सा लेने गया था। 19 अक्टूबर को सुबह आकर देखा तो मकान का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर जांच की तो कपडे बिखरे पडे थे। अलमारी व संदूक का सामान अस्त-व्यस्त पडा हुआ था। संदूक में रखे 65 हजार रुपए तथा सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। इस घटना की जानकारी उन्होंने 112 नम्बर डायल कर पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पंहुचकर जांच-पडताल की। लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

कनीना में घर से दुकान जाने के निकला व्यक्ति हुआ लापता

कनीना सुनील दीक्षित

कनीना में घर से दुकान जाने के लिए निकला एक व्यक्ति लापता हो गया। इस बारे में योगेंद्र ने कनीना शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसका भाई वीरेंद्र 18 अक्टूबर को घर से दुकान जाने के लिए निकला था। जो न ही दुकान पर पंहुचा ओर न ही घर वापिस लौटकर आया। चिंतित परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। उसका मोबाईल फोन भी बंद है। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर लापता व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है।

कोचिंग सेंटर में सिविल सेवा के तीन अभ्यर्थियों की मौत का मामला : शीर्ष अदालत में सोमवार को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में स्थित एक कोचिंग सेंटर में जुलाई माह में सिविल सेवा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की मौत से संबंधित मामले पर उच्चतम न्यायालय सोमवार को सुनवाई करेगा।दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में स्थित राउज आईएएस स्टडी सर्किल के बेसमेंट में भारी बारिश के बाद पानी भर जाने से सिविल सेवा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थी डूब गए थे। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई 21 अक्टूबर की वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने मामले की जांच कर रही केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त समिति को 20 सितंबर को निर्देश दिया था कि वह ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों के बारे में एक अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

गोकलपुर विधानसभा में दो करोड़ की लागत से होगा सडक़ों का निर्माण : चौधरी सुरेंद्र कुमार

नई दिल्ली। गोकलपुर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी विधायक चौधरी सुरेंद्र कुमार ने हर्ष विहार, 33 फुटा रोड के लिंक रोड के निर्माण कार्यों का नारियल फोड़कर शुरू करवाया। आप विधायक चौधरी सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि विधायक निधि से एक करोड़ 98 लाख रूपये की लागत से हर्ष विहार 33 फुटा रोड़ के लिंक रोड़ का निर्माण करवाया जा रहा है। अब नई सडक़ का निर्माण पूरा होने से स्थानीय लोगों को समस्या नहीं होगी। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने विधायक का आभार जताया और फूल माला पहनाई। उन्होने कहा कि सडक़ बनने से बाल भारती श्रीराम स्कूल, धर्मकांटा, सेवाधाम रोड से राजीव नगर व आसपास के लोगों को लाभ होगा। चौधरी सुरेंद्र कुमार ने कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद जो उन्होने आकर सभी काम शुरू करवाए हैं।

चोरी कर फरार हुए बदमाश को पकड़ा

नई दिल्ली। द्वारका जिला पुलिस की एंटी-बर्गलरी सैल ने 19 अक्तूबर की शाम को एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी कुणाल के पास से एक एलसीडी टीवी, एक टैब, एक बेबी प्रैम, दो मोबाइल फोन, दो पानी के मीटर और एक चोरी की स्कूटी बरामद की है। आरोपी पर पहले भी चोरी, लूट और अन्य धाराओं में केस दर्ज है। 12 अक्तूबर को आरोपी ने ओम विहार इलाके में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान पुलिस ने की।

अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिणी पश्चिमी जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने 18 अक्तूबर को महिपालपुर इलाके से अवैध शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी कुलदीप हरियाणा में बिक्री के लिए उपलब्ध अंग्रेजी शराब की दिल्ली में सप्लाई करता था। पुलिस ने उसके पास से 10 कार्टन शराब और कार जब्त की है। कुलदीप के खिलाफ वसंतकुंज थाने में दिल्ली आबकारी अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज हुई है।

जनकपुरी में डिलीवरी ब्वॉय के साथ लूटपाट

नई दिल्ली। जनकपुरी इलाके में 18 अक्तूबर की देर रात तीन बदमाशों ने एक ऐप आधारित कंपनी के डिलीवरी ब्वॉय के साथ लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसकी जमकर पिटाई की और घायल कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से पीड़ित का बैग, मोबाइल लेकर भाग गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित 21 वर्षीय आरुष अपने परिवार के साथ ओम विहार, उत्तम नगर इलाके में रहता है। पुलिस को दिए बयान में उसने बताया कि वह डिलीवरी ब्वॉय है। 18 अक्तूबर की देर रात करीब 1.30 बजे वह स्कूटी से ऑर्डर डिलीवरी के लिए जा रहा था। इसी दौरान जब वह डिस्ट्रिक्ट सेंटर के पास मौजूद पुलिस बूथ के नजदीक पहुंचा तो उसे जबरन तीन बदमाशों ने रोक लिया। आरोपियों ने पीड़ित के साथ लूटपाट शुरू कर दी। पीड़ित ने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने उसकी जमकर पिटाई की। पिटाई के बाद आरोपी स्कूटी से वहां से फरार होने लगे तो उनकी स्कूटी फिसल गई और वह गिर गए। आरोपी अपनी स्कूटी मौके पर ही छोड़ कर फरार हो गए। पीड़ित ने राहगीरों से मदद लेकर पुलिस को सूचना दी।

असिता पार्क में आगंतुकों के लिए टेंट कैफे की सुविधा

नई दिल्ली। यमुना खादर में स्थित दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के असिता जैव-विविधता पार्क में आगंतुकों के लिए टेंट कैफे स्थापित किया गया है। सर्दी का मौसम शुरू होने पर कैफे को आगंतुकों के लिए खोल दिया जाएगा। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की पहल पर डीडीए ने 60-70 लोगों की क्षमता वाले इस टेंट कैफे को तैयार किया है। इसकी पूरी संरचना अस्थायी है। कैफे के निर्माण में किसी ठोस सामग्री का इस्तेमाल नहीं किया गया है। डीडीए के अनुसार टेंट कैफे में आगंतुकों को पका भोजन और पेय पदार्थ परोसे जाएंगे। सर्दी के शुरू होने से पहले कैफे को आगंतुकों के लिए खोलने की तैयारी है। असिता पार्क में रोजाना काफी संख्या में लोग आते हैं। टेंट कैफे जल निकाय और नदी के घास के मैदान के नजदीक तैयार किया है। इस सर्दी में असिता पार्क ट्यूलिप सहित दो लाख से अधिक मौसमी फूलों से घिरा होगा।

हवा की सुस्त रफ्तार बढ़ाएगी परेशानी

नई दिल्ली। नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (वेब वार्ता)। राजधानी में प्रदूषण की परेशानी कम होने की बजाय बढ़ने वाली है। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली का अनुमान है कि अगले तीन दिनों तक दिल्ली की हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंच सकती है। दरअसल, हवा की रफ्तार सुस्त पड़ने से प्रदूषण के स्तर में इजाफा होने का अंदेशा है। इस बीच, रविवार को दिल्ली की हवा खराब श्रेणी में दर्ज की गई। यूं तो दिल्ली के लोग पिछले सप्ताह से ही प्रदूषित हवा में सांस ले रहे हैं। दिल्ली की हवा दशहरे के बाद से ही खराब श्रेणी में चल रही है, लेकिन अब यह परेशानी और बढ़ने वाली है। दिल्ली में अगले तीन दिनों के बीच हवा की रफ्तार ज्यादातर समय 12 किलोमीटर प्रति घंटे से नीचे रहने की संभावना है। धीमी गति से चलने वाली इस हवा के चलते प्रदूषक कण ज्यादा समय तक वायुमंडल में बने रहेंगे और उनका बिखराव धीमा हो जाएगा। खासतौर पर रात के समय हवा शांत पड़ रही है। इसके चलते प्रदूषण के स्तर में और इजाफा होने की संभावना है। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक 21 से लेकर 23 अक्तूबर के बीच हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में रहने की संभावना है। रविवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 277 अंक पर रहा। इस स्तर को खराब श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले यह सूचकांक 278 के अंक पर था। सीपीसीबी के मानकों के मुताबिक हवा में प्रदूषक कण पीएम 10 का स्तर 100 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से और पीएम 2.5 का स्तर 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से कम रहने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है। दिल्ली-एनसीआर की हवा में रविवार की शाम चार बजे पीएम 10 का स्तर 226 और पीएम 2.5 का स्तर 106 रहा। 12 इलाकों का सूचकांक 300 के ऊपर - रविवार को दिल्ली के 12 इलाकों का वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 से ज्यादा यानी बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। इसमें वजीरपुर, आनंद विहार, जहांगीरपुरी, मुंडका और रोहिणी जैसे इलाके शामिल हैं। आनंद विहार का सूचकांक सबसे ज्यादा 375 अंक पर रहा।

दूसरे राज्यों से बसों के आने से दिल्ली में प्रदूषण बढ़ रहा है: आतिशी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को कहा कि आनंद विहार इलाके में प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण दूसरे राज्यों से आने वाली बसें हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी के पास स्थित उत्तर प्रदेश सरकार के बस डिपो पर प्रदूषण रोधी उपायों को लागू करने के लिए पड़ोसी राज्य के साथ मिलकर काम करेगी। आतिशी ने पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के साथ आनंद विहार बस डिपो पर प्रदूषण नियंत्रण उपायों का निरीक्षण करने के बाद यह टिप्पणी की।

मुख्यमंत्री ने प्रदूषण के मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा, ''दिल्ली और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित आनंद विहार प्रदूषण का केंद्र बना हुआ है, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) स्तर सबसे अधिक है। इस क्षेत्र में दिल्ली के बाहर से बसों का आना-जाना लगा रहता है और पास में ही कौशाम्बी बस डिपो भी है। दिल्ली में सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसें चलती हैं, जबकि कौशाम्बी बस डिपो में डीजल बसें आती हैं। हम वहां भी प्रदूषण नियंत्रण उपायों को लागू करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर काम करने की योजना बना रहे हैं।''

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) और क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) द्वारा किए गए निर्माण कार्यों से भी क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर बढ़ा है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार इस समस्या से निपटने के लिए 99 टीम और 315 से अधिक 'स्मॉग गन' सहित सभी उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर रही है। उन्होंने कहा, ''इस क्षेत्र में लगातार 'स्मॉग गन' का इस्तेमाल किया जा रहा है और धूल को नियंत्रित करने के लिए सड़कों को गीला रखा जा रहा है। सभी सड़कों की मरम्मत कर दी गई है और यातायात के सुचारु संचालन के लिए भीड़भाड़ वाले स्थानों को साफ कर दिया गया है।''

'स्मॉग गन' से धूल और अन्य कणों से जुड़े वायु प्रदूषण को कम करने के लिए वातावरण में पानी की छोटी बूंदों का छिड़काव किया जाता है। आतिशी ने यमुना में प्रदूषण के मुद्दे पर भी बात की और हरियाणा तथा उत्तर प्रदेश सरकारों पर नदी में अशोधित अपशिष्ट छोड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''छठ पर्व के दौरान वे आगरा नहर को बंद कर देते हैं जिससे उनका अशोधित कचरा दिल्ली की ओर चला जाता है। फिर भी हम समाधान चाहते हैं। यही कारण है कि हम खाद्य-आधारित 'सिलिकॉन डिफोमर्स' का उपयोग कर रहे हैं और दिल्ली जल बोर्ड इस समस्या से निपटने के लिए 'डिफोमिंग' अभियान चला रहा है। भले ही दूसरे हमारे प्रयासों को बाधित करने की कोशिश करें हम स्वच्छ यमुना की दिशा में काम करना जारी रखेंगे।''

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि देर रात और सुबह के समय वायु की गुणवत्ता में काफी उतार-चढ़ाव होता है, ऐसा बसों के आने और जाने के कारण होता है। उन्होंने कहा, ''इन दिनों में वायु गुणवत्ता सूचकांक विशेष रूप से खराब है और इसका मुख्य कारण दिल्ली के

आनंद विहार में स्थित बस डिपो और दूसरा उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी का बस डिपो है। दिल्ली में बसें अब सीएनजी और विद्युत से चल रही हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में डीजल बसें अब भी इन डिपो पर आती हैं। इन बसों से निकलने वाला धुआं हवा की गुणवत्ता को प्रभावित कर रहा है।'' राय ने उत्तर प्रदेश सरकार से इसी प्रकार के प्रदूषण नियंत्रण उपाय अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि सकारात्मक परिणाम पाने के लिए समन्वित दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

वीरेंद्र सचदेवा ने 'शीशमहल' को लेकर अरविंद केजरीवाल पर साधा निशाना

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को 'शीशमहल' को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा।

सचदेवा ने कहा, 'हाल ही में एक सरकारी रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें केजरीवाल के निवास स्थान, जिसे 'शीशमहल' कहा जाता है, में उपलब्ध सुविधाओं का विस्तृत विवरण दिया गया है। यह रिपोर्ट इस बात का खुलासा करती है कि कैसे केजरीवाल ने दिल्ली की जनता के टैक्स के पैसों का उपयोग किया है, और यह समझने में मदद करती है कि वे अपने इस महल को सार्वजनिक रूप से क्यों नहीं दिखाना चाहते।

उन्होंने कहा, 'शीशमहल में सबसे पहले जो बात ध्यान में आती है, वह है वहां की टॉयलेट शीट। रिपोर्ट के अनुसार, एक स्मार्ट टॉयलेट शीट की कीमत 10 से 12 लाख रुपये है। यह एक ऐसा उपकरण है, जिसमें कई स्वचालित सुविधाएं होती हैं, लेकिन सवाल उठता है कि क्या इतनी महंगी टॉयलेट शीट आम लोगों के लिए उपलब्ध है?

उन्होंने कहा, 'इसके अलावा, महल में लगभग 15 करोड़ रुपये का सेनिटरी इंस्टॉलेशन कार्य हुआ है, जो इसकी भव्यता को और बढ़ाता है। महल में लगे विंडो कवरिंग्स की कीमत भी 5 से 6 करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह सब कुछ उस नेता की छवि के विपरीत है, जो हमेशा सरकारी सुविधाएं न लेने का दावा करते हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा, 'शीशमहल में 16 टीवी सेट लगे हुए हैं, और एक टीवी की कीमत चार लाख रुपये है। इसका मतलब है कि सिर्फ टीवी सेट्स पर कुल खर्च 64 लाख रुपये से अधिक है। इसके अलावा, एक विशेष कुर्सी भी है, जो पूरे शरीर को एयर प्रेशर मसाज देती है, जिसकी कीमत दो लाख रुपये है।

भाजपा नेता ने कहा, 'महल में लगी एलईडी लाइट्स की कीमत भी चौंकाने वाली है। तीन एलईडी लाइट्स की कीमत लगभग 19 लाख रुपये है। महल की रसोई में भी कई महंगे उपकरण हैं, जैसे कि सैमसंग का मल्टी डोर रेफ्रिजरेटर, जिसकी कीमत लगभग नौ लाख रुपये है। माइक्रोवेव की कीमत छह लाख रुपये और ओवन की कीमत भी नौ लाख रुपये है।

उन्होंने कहा, 'इसके अलावा, शीश महल में एक हॉट वॉटर जनरेटर है, जिसकी कीमत साढ़े 22 लाख रुपये बताई गई है। अन्य महंगी सुविधाओं में शावर कवरिंग भी शामिल है, जिसकी लागत लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपये है। इस सब के बीच, केजरीवाल की ईमानदारी पर सवाल उठता है। वह अपने राजनीतिक भाषणों में हमेशा ईमानदारी और पारदर्शिता की बात करते रहे हैं। लेकिन, उनके निवास की भव्यता और सुविधाएं इस कथन से मेल नहीं खाती हैं। यह सब बातें धीरे-धीरे जनता के सामने आ रही हैं, और यह देखना होगा कि इस खुलासे के बाद उनके प्रति जनता का क्या दृष्टिकोण होगा। क्या वह अपनी कथनी और करनी में सामंजस्य लाएंगे, या फिर इस स्थिति को नजरअंदाज करेंगे? यह सवाल अब दिल्ली की जनता के सामने है।

दिल्ली में प्रदूषण के लिए 'आप' और भाजपा जिम्मेदार : प्रमोद तिवारी

नई दिल्ली। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने शनिवार को दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण और यमुना नदी में बढ़ते जहरीली झाग को लेकर बात करते हुए केंद्र की मोदी सरकार और दिल्ली सरकार जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आज एक्यूआई लेवल 300 पार पहुंच गया। हर बढ़ते दिन के साथ राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ रहा है। इसे लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के लिए केंद्र की मोदी सरकार और दिल्ली सरकार जिम्मेदार है। कई राज्यों की सरकारों ने प्रदूषण को कम करके दिखाया है। उन्होंने आगे सवाल किया कि दिल्ली के एलजी इस वक्त क्या कर रहे हैं? यमुना नदी प्रदूषित है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल साल की शुरुआत में सिर्फ नए-नए वादे करते रहे और केंद्र सरकार को जहां उन्हें दखल देना चाहिए था वहां दखल दिया नहीं। मैं दिल्ली में प्रदूषण को लेकर केंद्र और दिल्ली सरकार को दोषी मानता हूं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर महा विकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग को लेकर तनातनी चल रही है। इस पर कांग्रेस राज्यसभा सांसद ने कहा, मैं इससे सहमत नहीं हूं कि तनातनी चल रही है। सीट शेयरिंग को लेकर वार्ता हो रही है। लोकतांत्रिक गठबंधन में वार्ता होती है। भाजपा की तानाशाही छोटे दलों को भी निगल जाती है। हमारे यहां सभी के विचार लिए जाएंगे और समय रहते सीट शेयरिंग फॉर्मूला सुलझा लिया जाएगा। अखिलेश यादव महाराष्ट्र में 12 सीट मांग रहे हैं। इस पर कांग्रेस राज्यसभा सांसद ने कहा, उन्होंने 12 सीट की मांग नहीं की है। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि वार्ता चल रही है, वार्ता होने के बाद सीट शेयरिंग सुलझा लिया जाएगा। सपा अध्यक्ष ने यूपी की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। इस पर उन्होंने कहा, सिर्फ यूपी ही नहीं, जहां-जहां भाजपा की सरकार है वहां पर कानून व्यवस्था ठप हो चुकी है।

भारतीय जनता पार्टी की लापरवाही से दिल्ली और हम सब लोग खतरे में हैं : मनीष सिसोदिया

नई दिल्ली (एजेंसी)। नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (वेब वार्ता)। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कानून व्यवस्था को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। मनीष सिसोदिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की लापरवाही से आज दिल्ली और दिल्ली के लोग खतरे में हैं। शनिवार को वेलकम इलाके में 60 राउंड फायरिंग होती है और रविवार को रोहिणी इलाके में स्कूल के बाहर बम धमाका होता है। त्योहार से पहले इन घटनाओं से दिल्ली के लोग सहमे हुए हैं।

दिल्ली में लॉ एंड ऑर्डर केंद्र की भाजपा सरकार के पास है ऐसे में मनीष सिसोदिया ने कहा कि यदि केंद्र सरकार दिल्ली का लॉ एंड ऑर्डर नहीं संभाल सकती तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। पार्टी मुख्यालय पर रविवार को प्रेस वार्ता कर मनीष सिसोदिया ने कहा कि आज त्योहार से पहले दिल्ली के रोहिणी इलाके में स्कूल के बाहर बम धमाका होना बहुत ही चिंताजनक है। त्योहार के मौके पर जगह-जगह भीड़ हो रही है। विभिन्न सामाजिक आयोजन हो रहे हैं इस बीच

बम धमाका होना बेहद चिंताजनक है। भाजपा की केंद्र सरकार हाथ पर हाथ रखे बैठी है। उनको दिल्ली की जनता की कोई चिंता नहीं है।

आज का यह धमाका बताता है कि केंद्र सरकार पूरी तरीके से फेल हो चुकी है। केन्द्र सरकार दिल्ली के लोगों के प्रति लापरवाह है। बम धमाके से स्कूल की दीवार गिर गई। गनीमत रही कि आज छुट्टी के दिन यह हादसा हुआ। मेरे पास सुबह से ही लोगों के फोन आ रहे हैं और लोग कह रहे हैं कि भीड़ में या पदयात्रा में मत जाना अभी स्थिति बहुत खराब है। कहीं भी कुछ भी हो सकता है। भारतीय जनता पार्टी हाथ पैर हाथ रखे बैठी हुई है।

कल शाम को भी दिल्ली के वेलकम में 60 राउंड फायरिंग हुई है। वहां 1 लड़की घायल भी हुई है। आए दिन गैंगस्टर फायरिंग कर वसूली कर रहे हैं। भाजपा को यह एहसास नहीं है कि दिल्ली की जनता ने उन्हें लॉ एंड ऑर्डर की जिम्मेदारी दी है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी से लॉ एंड ऑर्डर नहीं संभाल रहा है। लॉ एंड आर्डर नहीं संभाल सकते तो इस्तीफा दे देना चाहिए।

केंद्र सरकार और उपराज्यपाल अपने काम में पूरी तरीके से फेल- सौरभ भारद्वाज

दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में ट्रैफिक बड़ी समस्या है। ट्रैफिक पुलिस सड़कों से नदारत रहती है। दिल्ली में गैर कानूनी तरीके से 1100 हरे पेड़ काटने पर उपराज्यपाल और दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी के अध्यक्ष पर सुप्रीम कोर्ट में कंटेम्प्ट प्रोसीडिंग्स चल रही है। इस पर भी हलफनामा मांगा गया है। केंद्र सरकार और उनके उपराज्यपाल अपने काम में पूरी तरीके से फेल हैं। कल दिल्ली की वेलकम कॉलोनी में 60 राउंड फायरिंग हुई है लेकिन दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना मौके पर नहीं गए। आज दिल्ली में बम ब्लास्ट हो गया। एलजी कहां हैं। मेरी जानकारी में एलजी दिल्ली में नहीं हैं। पिछले कुछ दिन से लोग गोवा में है यह बात मीडिया से क्यों छुपाई जा रही है। शायद मंगलवार को एलजी वहां से लौटेंगे। मैं मांग करता हूं कि वह अपनी नैतिक जिम्मेदारी को समझते हुए रोज एक थाने का निरीक्षण करें इससे कानून व्यवस्था दुरुस्त होगी।

2764 निर्माण साइट्स का हुआ निरीक्षण, 17.40 लाख रुपए का लगाया गया जुर्माना

नई दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया है कि एंटी डस्ट अभियान से सम्बंधित टीमों ने अभी तक 2764 निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया और निर्माण स्थलों पर जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर 76 स्थलों को नोटिस और चालान जारी किया है। साथ ही, 17 लाख 40 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली में 7 अक्टूबर से एंटी डस्ट कैम्पेन चलाया जा रहा है, जो 7 नवम्बर तक चलेगा। इस अभियान के लिए 523 टीमों का गठन किया गया है, जिसमें 13 संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हैं। ये दिल्ली के अंदर अलग-अलग स्थानों पर चल रहे निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं और मानदंडों के उल्लंघन पर कार्रवाई कर रहे हैं। सभी टीमों को लगातार निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। गोपाल राय ने कहा कि सर्दी के मौसम में दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार ने 25 सितम्बर को विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की थी। जिसके आधार पर संबंधित विभागों ने इसे जमीन पर लागू करने के लिए गंभीरता पूर्वक कार्य शुरू कर दिया है। हमने ग्रीन वॉर रूम लॉन्च किया है, जहां से इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने लोगों के सहयोग से प्रदूषण को कम करने में सफलता पाई है। सरकार प्रदूषण को कम करने के लिए कई अभियान चला रही है, जिसमे एंटी डस्ट अभियान, बायो डीकम्पोजर का छिड़काव, वृक्षारोपण अभियान, जागरूकता अभियान, मोबाइल एंटी स्मोग गन से पानी के छिड़काव का अभियान आदि प्रमुख है। उन्होंने बताया है कि टीम लगातार निर्माण साइट्स का दौरा कर रही है। यह टीम यह सुनिश्चित करेगी कि वहां निर्माण संबंधी दिशा निर्देशों का पालन हो। निर्माण साइट्स पर 14 सूत्रीय नियमों को लागू करना जरूरी है। यह अभियान 7 नवंबर तक चलेगा। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि जो भी साइट्स डस्ट कंट्रोल के नियम का पालन नहीं

दिल्ली: रोहिणी में सीआरपीएफ स्कूल के पास जोरदार धमाका; एनएसजी और एनआईए की टीम मौके पर पहुंची

नई दिल्ली (एजेंसी)। नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (वेब वार्ता)। दिल्ली में रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के पास रविवार सुबह एक जोरदार धमाका हुआ, हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि रोहिणी के सेक्टर-14 में सीआरपीएफ स्कूल के पास सुबह करीब सात बजकर 50 मिनट पर धमाका हुआ था, जिसके बाद बम निरोधक दस्ता और पुलिस की एक फोरेंसिक टीम विस्फोट होने के कारण का पता लगाने के लिए मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

पुलिस ने बताया कि इस धमाके में स्कूल की दीवार, पास की दुकानें और एक कार को नुकसान पहुंचा है। घटनास्थल पर धुएं का गुबार उठता हुआ नजर आया। विस्फोट के बाद का एक कथित वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें घना सफेद धुआं नजर आ रहा है।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि वे मोबाइल नेटवर्क का डेटा एकत्र कर रही है, ताकि पता लगाया जा सके कि विस्फोट के समय आसपास कौन-कौन मौजूद थे। उसने कहा कि ऐसा संदेह है कि एक देसी बम के कारण यह धमाका हो सकता है। सीआरपीएफ स्कूल के बाहर के इलाके का निरीक्षण कर रहे फोरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल पर संदिग्ध 'सफेद पाउडर' बरामद किया और उसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है। उन्होंने स्कूल की दीवार के पास एक गड्ढा भी खोदा है और मिट्टी के नमूने भी ले गए हैं।

एनएसजी अधिकारियों ने घटनास्थल से बरामद कुछ सामग्री भी जांच के लिए भेज दी है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''यह किसी तरह का विस्फोटक है या कुछ और है, इसका पता तभी चल पाएगा जब हम इसकी पूरी तरह से जांच करेंगे। हमें संदेह है कि किसी देसी बम के कारण यह धमाका हो सकता है।''

अधिकारि ने बताया, ''एनएसजी, एनआईए और दिल्ली पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। त्योहार के कारण दिल्ली पुलिस पहले से ही हाई अलर्ट पर है। पुलिस ने इस घटना के संबंध में विस्फोटक अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।''सूचना मिलने के बाद अपराध शाखा और विशेष प्रकोष्ठ सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तथा दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने बताया कि उन्हें सीआरपीएफ स्कूल की 'चारदीवारी के पास' धमाका होने की सूचना मिली थी।

डीएफएस के अधिकारियों ने बताया, ''सूचना मिलने के बाद हमने तुरंत दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा। धमाका होने के कारण आग नहीं लगी है और न ही कोई घायल हुआ है, इसलिए हमारी गाड़ी वापस लौट आई।'' एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, ''हमारी फोरेंसिक टीम और अपराध इकाई घटनास्थल से नमूने एकत्र करने के लिए मौके पर मौजूद है। एक पटाखे के कारण यह धमाका हो सकता है, लेकिन हम इस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं।''

पुलिस ने बताया कि वे घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने एक बयान में कहा कि उसे सुबह 7.47 बजे एक जोरदार धमाका होने की सूचना मिली थी। उसने बताया, ''धमाका होने से स्कूल की दीवार क्षतिग्रस्त पाई गई और वहां दुर्गंध आ रही थी। प्रशांत विहार के थाना प्रभारी और अन्य कर्मी मौके पर मौजूद हैं। पास की दुकान और नजदीक खड़ी कार के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।''

पुलिस ने बताया, ''अपराध शाखा की टीम, फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) टीम और बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया। घटनास्थल की घेराबंदी कर दी गई है। दमकल विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद है।'' पुलिस ने कहा कि वे विस्फोट के कारण का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।पुलिस के एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''हमारी बम निरोधक टीम आसपास के इलाकों की जांच कर रही हैं। हमने आसपास के पुलिस थानों को भी सतर्कता बरतने और जांच

बढ़ाने के लिए अलर्ट जारी कर दिया है। विभिन्न बाजारों में पैदल गश्त भी बढ़ा दी गई है। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि अगर उन्हें कोई संदिग्ध वस्तु दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।''

एक स्थानीय ने बताया, ''सुबह करीब 7.30 बजे हमने बहुत तेज आवाज सुनी। हमें लगा कि पास में ही कोई एलपीजी सिलेंडर फट गया है। हमने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को मामले की जानकारी दी। कई दुकानों के शीशे टूट गए हैं।'' पास में रहने वाले राकेश गुप्ता ने बताया कि धमाका होने के तुरंत बाद लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। गुप्ता ने बताया, ''हम इस बात को लेकर बहुत उलझन में हैं कि आखिर क्या हुआ है। पुलिस की कई टीम जांच कर रही हैं।'' घटनास्थल के निकट स्थित चश्मे की एक दुकान के मालिक सुमित ने बताया, ''मेरी खिड़की के शीशे टूट गए। मेरी दुकान के अंदर का सारा सामान जमीन पर गिर गया। यह बहुत तेज धमाका था।''

दीपम ने अधिकारियों से कहा, सार्वजनिक कंपनियों के शेयरों में कारोबार करने से बचें

- अधिकारियों के पास हो सकती है सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी के बारे में संवेदनशील जानकारी

नई दिल्ली । निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने अपने अधिकारियों से कहा है कि वह सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में कारोबार से बचें। दीपम ने यह सलाह इसलिए दी है क्योंकि उसके अधिकारियों के पास सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी के बारे में बाजार की दृष्टि से संवेदनशील जानकारी हो सकती है। एक आंतरिक आदेश में दीपम ने कहा कि विभाग में शामिल होने वाले किसी भी अधिकारी को सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में अपनी हिस्सेदारी घोषित करनी होगी और ऐसे शेयरों को संबंधित अधिकारी द्वारा विभाग से मंजूरी के बाद ही बेचा जा सकता है। वित्त मंत्रालय के तहत आने वाला दीपम सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में सरकारी हिस्सेदारी का प्रबंधन करता है। इसके अलावा वह सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री, रणनीतिक विनिवेश और निजीकरण के लिए भी जिम्मेदार है। एक अधिकारी ने बताया कि दीपम ने एक आंतरिक आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि विभाग के अधिकारी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के शेयर नहीं खरीदेंगे या इन्हें साझा नहीं करेंगे। इसके पीछे विचार यह है कि दीपम के अधिकारियों के पास कुछ ऐसी जानकारी हो सकती है, जो कंपनियों के शेयर की कीमतों को प्रभावित कर सकती है। ऐसा नहीं होना चाहिए कि वे उस जानकारी से लाभ उठा सकें। अधिकारी ने कहा कि दीपम केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसई) शेयरों के मूल्य को अधिकतम करने की दिशा में काम कर रहा है। यह पूरी तरह स्पष्ट है कि मूल्य-संवेदनशील जानकारी का किसी भी तरह से दुरुपयोग नहीं होना चाहिए।सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 और 2022-23 में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के क्रमश- 16,507 करोड़ रुपये और 35,294 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे।

एचडीबी फाइनेंशियल को आईपीओ लाने के लिए मिली मंजूरी

नई दिल्ली ।

आईपीओ बाजार के लिए साल 2024 खासा शानदार साबित हुआ है और एक के बाद एक कई बड़ी कंपनियों ने अपने इश्यू पेश किए हैं। हाल ही में ऑटोमोबाइल कंपनी हुंडई मोटर इंडिया ने एलआईसी का रिकॉर्ड तोड़ते हुए देश का सबसे बड़ा आईपीओ लॉन्च किया था, जो 27,000 करोड़ रुपये से ज्यादा आकार का था। अब देश के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर के बैंक एचडीएफसी की सब्सिडियरी कंपनी एचडीबी फायनेंशियल से विंसेज अपना इश्यू पेश करने के लिए तैयार है और इसकी जानकारी बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में दी है। आईपीओ निवेशकों को जल्द ही निवेश के लिए एक और बड़ा मौका मिलने वाला है।

दरअसल एचडीएफसी बैंक की सब्सिडियरी फर्म के आईपीओ का रास्ता साफ हो गया है। एचडीएफसी बैंक के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने एचडीबी फाइनेंशियल को आईपीओ लाने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में शेयर की गई जानकारी के मुताबिक एचडीबी आईपीओ का फुल साइज 12,500 करोड़ रुपये हो सकता है। इसमें 10000 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री ऑफर फॉर सेल के जरिए की जाएगी, जबकि कंपनी 2500 करोड़ रुपये के फ्रेश शेयर जारी करेगी। एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज में 94.64 फीसदी की स्टेकहोल्डिंग एचडीएफसी बैंक के पास में है। शेयर बिक्री के बाद भी ये एचडीएफसी बैंक की सहायक कंपनी बनी रहेगी। हालांकि आईपीओ का आकार और शेयरों की बिक्री अभी मार्केट स्थिति, रेग्युलेटरी अप्रूवल समेत अन्य चीजों पर निर्भर करेगी। इस प्रस्तावित आईपीओ का प्राइस बैंड और अन्य विवरण भी इसी पर निर्भर करेगा। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि इस 12500 करोड़ रुपये के अनुमानित आईपीओ को कंपनी इस साल के अंत तक पेश कर सकती है।

मेटा के बाद अब नोकिया ने की 2000 कर्मचारियों की छंटनी

मुंबई।

मेटा के बाद अब नोकिया ने भी ग्रेटर चीन क्षेत्र में लगभग 2000 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। यह संख्या कंपनी के कुल वर्कफोर्स का करीब पांचवां हिस्सा है और इसका उद्देश्य लागत में कटौती करना है। एक रिपोर्ट के मुताबिक नोकिया यूरोप में भी 350 कर्मचारियों को निकालने की योजना बना रही है। नोकिया के बीजिंग और शंघाई के साथ-साथ हांगकांग और ताइवान में कई ऑफिस हैं, जो कंपनी के ग्रेटर चीन क्षेत्र का हिस्सा हैं और जहां से यह चाइना मोबाइल जैसे क्लाइंट्स को सेवाएं देती है। नोकिया ने पहले ही घोषणा की थी कि वह 2026 तक 80 करोड़ यूरो से लेकर 1.2 अरब यूरो के बीच बचत करने के लिए 14,000 नौकरियों में कटौती करेगी। यह छंटनी उसी योजना का हिस्सा है। नोकिया के प्रवक्ता ने पुष्टि की है कि यूरोप में 350 कर्मचारियों की छंटनी को लेकर कंसल्टेशन शुरू हो गया है लेकिन ग्रेटर चीन में हुई छंटनी पर कोई टिप्पणी नहीं की। कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर 2023 तक नोकिया के पास ग्रेटर चीन में 10,400 और यूरोप में 37,400 कर्मचारी थे। जब नोकिया ने

पिछले साल नौकरी में कटौती की घोषणा की थी, तो उसके कुल कर्मचारी 86,000 के आसपास थे। कंपनी का लक्ष्य 2026 तक इस संख्या को घटाकर 72,000 से 77,000 के बीच करना है। वर्तमान में नोकिया के पास लगभग 78,500 कर्मचारी हैं। नोकिया के लिए कभी चीन दूसरा सबसे बड़ा बाजार हुआ करता था लेकिन 2019 से पश्चिमी देशों द्वारा हुवावै पर लगाए गए प्रतिबंधों के बाद, नोकिया और एरिक्सन के लिए चीनी टेलिकॉम ऑपरेटर्स की ओर से कॉन्ट्रैक्ट्स में कमी आ गई। 2019 में नोकिया की शुद्ध बिक्री का 27 फीसदी हिस्सा ग्रेटर चीन से आया था लेकिन हाल की तिमाही में यह योगदान 6 फीसदी से भी कम रह गया है।

खुदरा विक्रेताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक कटौती की गई

चार से छह रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ सकते हैं सीएनजी के भाव

नई दिल्ली।

केंद्र सरकार ने शहरी खुदरा विक्रेताओं को सस्ती घरेलू प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक कटौती की है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ऐसे में यदि ईंधन पर उत्पाद शुल्क की कटौती नहीं होती है, तो वाहनों को आपूर्ति की जाने वाली सीएनजी के भाव चार से छह रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ सकते हैं। भारत में अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक के स्थलों से जमीन के नीचे और समुद्र तल के नीचे से निकाली गई प्राकृतिक गैस ऐसा कच्चा माल है जिसे वाहनों के लिए सीएनजी और रसोई में इस्तेमाल होने वाली पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) में बदला जाता है। सूत्रों ने कहा कि पुराने क्षेत्रों से उत्पादन की कीमतें सरकार द्वारा नियंत्रित की जाती हैं। इनका उपयोग शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को किया जाता है। इन क्षेत्रों से उत्पादन सालाना पांच प्रतिशत तक घट रहा है। इस वजह से शहरी गैस वितरण कंपनियों को आपूर्ति में कटौती की गई है। घरों में रसोई के लिए आपूर्ति की जाने वाली गैस संरक्षित है। ऐसे में सरकार ने सीएनजी के लिए कच्चे माल की आपूर्ति में कटौती की है। पुराने क्षेत्रों से प्राप्त गैस मई, 2023 में सीएनजी की 90 प्रतिशत मांग को पूरा करती थी और इसमें लगातार गिरावट आ रही है। उन्होंने कहा कि 16 अक्टूबर से आपूर्ति में कटौती कर सीएनजी की मांग का सिर्फ 50.75 प्रतिशत कर दिया गया है, जो इससे पिछले महीने 67.74 प्रतिशत था। शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को इस कमी की भरपाई के लिए आयातित और महंगी तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे सीएनजी की कीमतों में 4-6 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी होगी। पुराने क्षेत्रों से प्राप्त गैस की कीमत 6.50 अमेरिकी डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू) है, जबकि आयातित एलएनजी की कीमत 11-12 डॉलर प्रति इकाई है।सूत्रों ने कहा कि फिलहाल खुदरा विक्रेताओं ने सीएनजी की दरें नहीं बढ़ाई हैं क्योंकि वे इसके समाधान के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ बातचीत कर रहे हैं।

पूरी दुनिया में इंटरनेट कवरेज देता है एलन मस्क का स्टार लिंक सैटेलाइट

नई दिल्ली ।

सरकार ने सैटेलाइट इंटरनेट स्पेक्ट्रम आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऐसें में स्टारलिंक सर्विस का जिक्र दोबारा से शुरू हो गया है। स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट पूरी दुनिया में बेहद पॉपुलर है। यह पूरी दुनिया में इंटरनेट कवरेज देता है। इसके लिए स्टारलिंक को जमीन के भीरत कोई तार नहीं बिछाने होते हैं। न ही स्टारलिंक की ओर से कोई मोबाइल टावर लगाए जाते हैं। यह एक सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस है, जिसकी मदद से देश के दूर-दराज के इलाकों तक बिना तार, केबल और मोबाइल टावर के हाई स्पीड इंटरनेट और कॉलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस स्पेस एक्स कंपनी के तहत काम करती हैं, जिसके ओनर एलन मस्क है। वहीं एलन मस्क जिन्होंने हाल ही में सोशल नेटवर्किंग साइट ट्विटर को खरीदा था। स्टारलिंक एक ग्लोबल ब्रॉडबैंड नेटवर्क है, जो लोअर-अर्थ आर्बिट बेस्ड सैटेलाइट सिस्टम पर काम करता है। यह हाई स्पीड इंटरनेट सर्विस पर काम करती है। एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स की स्थापना साल 2002 में हुई थी। स्टारलिंक सर्विस को खराब मौसम को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। यह खराब मौसम जैसे बारिश, कोहरे और गर्मी में आराम से काम करती है। जब बादल होते हैं, उस वक्त भी स्टारलिंक सर्विस बिना किसी दिक्कत के काम करती है। स्टारलिंक मौजूदा वक्त में 36 देशों में मौजूद है। इसमें अमेरिका का नाम प्रमुखता से आता है। कंपनी 2025 तक ज्यादा से ज्यादा देशों तक पहुंचना चाहती है। भारत में सैटेलाइट स्पेक्ट्रम आवंटन शुरू हो चुका है। कंपनी जल्द ही भारत में सैटेलाइट सर्विस ऑफर कर सकती है।

चेक कंपनी का अधिग्रहण कर सकता है जिंदल समूह

नई दिल्ली । अपनी वैश्विक उपस्थिति मजबूत करने घरेलू जिंदल समूह चेक कंपनी विटकोवाइस की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए बातचीत कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि समूह अपनी इकाई जिंदल स्टील इंटरनेशनल के जरिये इस वित्त वर्ष के अंत तक यह अधिग्रहण पूरा कर सकता है। यह यूरोप में जिंदल समूह का पहला अधिग्रहण होगा। नवीन जिंदल के स्वामित्व वाले कारोबारी घराने की पहले से ही ऑस्ट्रेलिया, मोजाम्बिक और ओमान जैसे देशों में इस्पात, बिजली और खनन जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपस्थिति है। उद्योग सूत्रों ने कहा कि दोनों पक्षों का प्रबंधन इस सौदे के लिए सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। सौदे के हिस्से के रूप में जिंदल समूह विटकोवाइस स्टील में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगा। सूत्रों के अनुसार सौदे का आकार लगभग 15 करोड़ यूरो यानी लगभग 1,000 करोड़ रुपये हो सकता है। विटकोवाइस स्टील के अधिग्रहण से जिंदल समूह को यूरोपीय बाजार में पैठ जमाने में मदद मिलेगी। समूह ओमान में अपनी इकाई वल्कन ग्रीन स्टील (वीजीएस) के माध्यम से हाइड्रोजन आधारित स्टील विनिर्माण इकाई भी स्थापित कर रहा है।

स्वास्थ्य बीमा से जीएसटी हटाएगी केंद्र सरकार

नई दिल्ली । केंद्र सरकार टर्म जीवन बीमा पॉलिसियों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में जीएसटी छूट दे सकती है। राज्य मंत्रिस्तरीय पैनल के अधिकांश सदस्यों ने आम लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए करों में कटौती का समर्थन किया है। जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर पर निर्णय लेने के लिए मंत्री समूह की हाल ही में बैठक हुई। जिसमें जीवन बीमा तथा वरिष्ठ नागरिकों द्वारा स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए जाने वाले प्रीमियम को कर मुक्त किया जा सकता है। इसके अलावा अन्य व्यक्तियों के लिए पांच लाख रुपये तक के कवरेज वाले स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर जीएसटी से छूट देने का निर्णय लिया गया। हालांकि इस संबंध में अंतिम निर्णय जीएसटी परिषद द्वारा लिया जाएगा। फिलहाल पांच लाख रुपये से अधिक के स्वास्थ्य बीमा कवरेज के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी लगता रहेगा। इस समय टर्म पॉलिसी और फैमिली फ्लोटर पॉलिसी के लिए भुगतान किए गए जीवन बीमा प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी लग रही है। बैठक में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि जीओएम के सदस्य बीमा प्रीमियम पर दरों में कटौती के लिए व्यापक रूप से सहमत हैं। अंतिम निर्णय जीएसटी परिषद द्वारा लिया जाएगा। जीएसटी परिषद ने पिछले महीने अपनी बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर कर के बारे में निर्णय लेने के लिए 13 सदस्यीय मंत्री समूह गठित करने का निर्णय लिया था। सम्राट चौधरी मंत्री समूह के संयोजक हैं। इसमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, गोवा, गुजरात, मेघालय, पंजाब, तमिलनाडु और तेलंगाना के मंत्री शामिल हैं।

करवा चौथ पर 22,000 करोड़ की बिक्री होने का अनुमानः सीएआईटी

नई दिल्ली । भारत में इस बार करवा चौथ 20 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (सीएआईटी) ने कहा कि करवा चौथ के मौके पर दिल्ली एवं देश के बाजारों में लगभग 22 हजार करोड़ रुपए का कारोबार होने की उम्मीद है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 46 प्रतिशत अधिक होगा। पिछले वर्ष यह आंकड़ा लगभग 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक का था। पिछले 2 दिनों से कुछ समय से देश के बाजारों में इस पर्व की खरीदारी को लेकर जोश बना हुआ है। कपड़ों, ज्वैलरी से लेकर श्रृंगार-कॉस्मैटिक का सामान, गिफ्ट आइटम्स, पूजा के आइटम्स की जमकर शॉपिंग की जा रही है। इसके लिए दिल्ली समेत देश भर के बाजारों में खूब भीड़ दिखाई दे रही है। इस त्यौहारों के लिए लोग काफी खरीदारी कर रहे हैं। इस साल बाजारों में पिछले साल के मुकाबले रौनक भी ज्यादा दिखाई दे रही है। अगस्त में जन्माष्टमी के त्यौहार पर 25,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार हुआ। व्यापारियों के सबसे बड़े संगठन के अनुसार विकासशील अर्थव्यवस्था में ज्यादा बिक्री कारोबार मजबूत उपभोक्ता खर्च को दर्शाता है, जो त्यौहारों के दौरान बढ़ जाता है। सीएआईटी को इस वर्ष त्यौहारी सीजन की बढ़ी हुई अवधि के कारण 4 लाख करोड़ रुपए से अधिक की बिक्री की उम्मीद है। देश में त्यौहारी सीजन 19 अगस्त को रक्षा बंधन के साथ शुरू हुआ और तुलसी विवाह के दिन 15 नवंबर तक चलेगा।

कंपनियों के नतीजों, वैश्विक रुझान से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

- इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने की आशंका

नई दिल्ली ।

इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा कंपनियों के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि सप्ताह के दौरान बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। एक वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक ने कहा कि कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों पर सभी की नजर रहेगी। इसके अलावा इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव की वजह से भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने की आशंका है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आ सकता है तथा बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) अभी तक भारतीय बाजार के प्रदर्शन में प्रमुख भूमिका निभाते रहे हैं। उनका रुख वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और घरेलू राजनीतिक घटनाक्रम पर निर्भर करेगा। एचडीएफसी बैंक का सितंबर तिमाही का मुनाफा छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 17,825.91 करोड़ रुपये रहा है। एकल आधार पर निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक का लाभ सितंबर तिमाही में बढ़कर 16,820.97 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 15,976.11 करोड़ रुपये था। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि किसी भी प्रमुख संकेतक के अभाव में बाजार भागीदारों की निगाह कंपनियों के तिमाही नतीजों पर रहेगी। सबसे पहले वे एचडीएफसी बैंक और कोटक बैंक जैसे बड़े बैंकों के परिणामों पर प्रतिक्रिया देंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) और अल्ट्राटेक सीमेंट जैसी कंपनियां भी अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। इसके अलावा सप्ताह के दौरान बजाज हाउसिंग फाइनेंस, अदाणी ग्रीन एनर्जी, बजाज फाइनेंस, वन97 कम्युनिकेशंस, जोमैटो, बजाज फिनसर्व और बैंक ऑफ बड़ौदा के भी तिमाही नतीजे आएंगे। कोटक महिंद्रा बैंक का सितंबर तिमाही का मुनाफा 13 प्रतिशत बढ़ा है। सितंबर

तिमाही में बैंक का मुनाफा 5,044 करोड़ रुपये रहा है। एकल आधार पर तिमाही के दौरान बैंक का लाभ पांच प्रतिशत बढ़कर 3,344 करोड़ रुपये रहा है। भू-राजनीतिक अनिश्चितता, चीनी अर्थव्यवस्था में सुस्ती और घरेलू बाजारों से लगातार एफआईआई की निकासी के कारण निवेशक सतर्कता बरत रहे हैं। पिछले सप्ताह विदेशी कोषों की भारी निकासी से घरेलू बाजार में गिरावट आई। विश्लेषकों का कहना है कि एफआईआई की बिकवाली और डीआईआई (घरेलू संस्थागत निवेशकों) की खरीद का रुझान निकट भविष्य में बरकरार रहने की संभावना है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली की वजह भारत में ऊंचा मूल्यांकन और चीन के शेयरों का सस्ता मूल्यांकन है।

डिज्नी प्लस हॉटस्टार में जियोसिनेमा का होगा मर्जर

मुंबई । मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो ने डिज्नी हॉटस्टार को खरीद लिया है। इसके बाद कंपनी डिज्नी प्लस हॉटस्टार में जियोसिनेमा का मर्जर हो जाएगा। डिज्नी प्लस हॉटस्टार के साथ जियोसिनेमा का मर्जर होने के बाद यह भारत के सबसे बड़ा ओटीटी प्लेटफॉर्म बन सकता है, क्योंकि दोनों ओटीटी ऐप के पास बड़ा यूजरबेस मौजूद है। इस मर्जर के बाद जियो के पास जियो के पास कुल 100 चैनल हो सकते हैं। रिलायंस जियो दो अलग-अलग ओटीपी ऐप्स नहीं चलाना चाहती हैं क्योंकि अलग-अलग ओटीटी ऐप के लिए अलग रिचार्ज पैक की जरूरत होती है। दोनों दोनों ऐप का अलग से प्रमोशन करना होगा। इससे ज्यादा पैसे खर्च करने होंगे। स्टार इंडिया और वियाकॉम 18 का मर्जर हो गया है। इसके बाद डिज्नी हॉटस्टार सिंगल स्ट्रीमिंग ऐप रह जाएगा। एक रिपोर्ट की मानें, तो जियो को डिज्नी हॉटस्टार की टेक्नोलॉजी ज्यादा पसंद है। यही वजह है कि जियो अपने पॉपुलर ओटीटी ऐप्स जियोसिनेमा को डिज्नी प्लस हॉटस्टार के साथ जोड़ना चाहती है। डिज्नी हॉटस्टार के करीब 50 करोड़ ज्यादा यूजर्स हैं, जबकि जियो सिनेमा के पास 10 करोड़ से ज्यादा यूजर हैं। इन दोनों कंपनियों के मर्जर के साथ डिज्नी प्लस हॉटस्टार देश की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी बन जाएगी। यह डील करीब 8.5 अरब डॉलर में हुई है। जियो सिनेमा के मंथली औसत यूजर 22.5 करोड़ हैं। वहीं डिज्नी हॉटस्टार के मंथली एक्टिव यूजर्स की संख्या 33.3 करोड़ है।

बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट रही

नई दिल्ली ।

बीते सप्ताह खरीफ तिलहन फसलों की आवक बढ़ने के दौरान देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में सभी तेल-तिलहनों के भाव में गिरावट देखने को मिली। इस दौरान सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के भाव नुकसान के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि खाद्य तेल-तिलहन कारोबार के समीक्षकों की यह आशंका निर्मूल साबित हुई है कि आयात शुल्क बढ़ाने के बाद खाद्य तेलों की महंगाई बढ़ जायेगी। इसके विपरीत आयात शुल्क बढ़ाये जाने के बाद मूंगफली जैसे महंगे खाद्य तेल के थोक दाम भी गुजरात और राजस्थान में टूटे हैं। गुजरात में शुल्क वृद्धि से पहले मूंगफली तेल का थोक भाव 148 रुपये लीटर बैठता था जो शुल्क वृद्धि के बाद घटकर 135 रुपये लीटर रह गया है। इसी प्रकार राजस्थान में जिस मूंगफली तेल का थोक दाम पहले 130 रुपये लीटर था वह अब घटकर 118 रुपये लीटर रह गया है। आवक बढ़ने और महंगा होने के कारण लिवाली कमजोर होने के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन में गिरावट रही।

बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 250 रुपये की गिरावट के साथ 6,400-6,450 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 875 रुपये की जोरदार गिरावट के साथ 13,100 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमश- 65-65 रुपये की गिरावट के साथ क्रमश- 2,115-2,215 रुपये और 2,115-2,230 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव 75-75 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,650-4,695 रुपये और 4,350-4,585 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी प्रकार सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 250 रुपये, 150 रुपये और 100 रुपये घटकर क्रमशः 13,100 रुपये, 12,650 रुपये और 9,600 रुपये क्विंटल पर बंद हुए। आवक बढ़ने के बीच महंगे मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में भी पिछले सप्ताहांत के मुकाबले हानि का रुख रहा। मूंगफली तिलहन 75 रुपये की हानि के साथ 6,300-6,575 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 300 रुपये की गिरावट के साथ 14,800 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव 35 रुपये की गिरावट के साथ 2,250-2,550 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 200 रुपये की गिरावट के साथ 11,950 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 450 रुपये की गिरावट के साथ 13,325 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 300 रुपये की हानि के साथ 12,275 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

यूको बैंक का मुनाफा 50 फीसदी बढ़कर 603 करोड़ हुआ

नई दिल्ली । सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक का मुनाफा जुलाई-सितंबर तिमाही में 50 प्रतिशत बढ़कर 603 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 402 करोड़ रुपये था। ब्याज आय में बढ़ोतरी के कारण यह मुनाफा देखने को मिला है। यूको बैंक ने शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बताया कि उसकी कुल आमदनी 7,071 करोड़ रुपये रही, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5,866 करोड़ रुपये थी। बैंक की ब्याज आय भी बढ़कर 6,078 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 5,219 करोड़ रुपये थी। बैंक की शुद्ध ब्याज आय में भी 20 प्रतिशत का इजाफा हुआ, जो बढ़कर 2,301 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह आंकड़ा 1,917 करोड़ रुपये था। इसके साथ ही, बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन भी सुधारकर 3.10 प्रतिशत पर पहुंच गया, जो बीते वर्ष की दूसरी तिमाही में 2.84 प्रतिशत था।

भारत /न्यूजीलैंड : आखिरी दिन नहीं हुआ कोई चमत्कार, न्यूजीलैंड ने भारत में 36 साल बाद टेस्ट जीता

बेंगलुरू (एजेंसी)। न्यूजीलैंड ने जसप्रीत बुमराह के खतरनाक स्पैल का डटकर सामना करते हुए आखिरी दिन किसी चमत्कार की भारत की कोशिशों पर पानी फेर दिया। पहला टेस्ट आठ विकेट से जीतकर न्यूजीलैंड ने 36 साल बाद भारतीय सरजमीं पर पारंपरिक प्रारूप में सफलता का स्वाद चखा। आखिरी बार न्यूजीलैंड ने भारत को 1988 में जॉन राइट की कप्तानी में वानखेड़े स्टेडियम पर 136 रन से हराया था। जीत के लिये 107 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने शुरूआती झटकों के बाद कोई कोताही नहीं बरती। विल यंग 48 रन बनाकर और रचिन रविंद्र 39 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिये 75 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को तीन मैचों की श्रृंखला में 1.0 से बढत दिला दी।

पहली पारी में 46 रन पर आउट होने के बावजूद भारत ने जिस तरह मैच में वापसी की थी, वह काबिले तारीफ है। उसे अब पुणे में 24 अक्टूबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में इस हार को भुलाकर अपना स्वाभाविक खेल दिखाना होगा। गले की जकड़न से उबरने के बाद शुभमन गिल की दूसरे टेस्ट में वापसी तय लग रही है लेकिन पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 150 रन बनाने वाले सरफराज खान को अब अनदेखा नहीं किया जा सकता।

भारत को यह भी देखना होगा कि तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरना है या तीन स्पिनर ही उतारने है। यह फैसला एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर कारगर साबित नहीं हुआ। आखिरी दिन गीली आउटफील्ड के कारण मैच एक घंटा विलंब से 10 बजकर 15 मिनट पर शुरू हुआ। नयी गेंद संभालते हुए बुमराह ने 29 रन देकर दो विकेट लिये। टॉम लाथम खाता खोले बिना पहले ही ओवर में आउट हो गए। अंपायर ने उन्हें पगबाधा आउट दिया जिस पर उन्होंने रिव्यू लिया। डीआरएस में भी उनके आउट होने की पुष्टि हो गई।

भारत को तीसरे तेज गेंदबाज की कमी महसूस हुई होगी क्योंकि विकेट से बुमराह और मोहम्मद सिराज को मदद मिल रही थी। भारत ने तीसरे स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव को उतारा था जिन्होंने तीन ओवर में 26 रन दिये। डेवोन कॉवे भी बुमराह के सामने असहज लग रहे थे और 17 रन बनाकर पगबाधा आउट हो गए। न्यूजीलैंड का स्कोर उस समय दो विकेट पर 35 रन था लेकिन यंग और रविंद्र ने इसके बाद संभलकर खेला। आसमान खिलने के बाद बल्लेबाजी में दिक्कत नहीं हुई और दोनों ने ढीली गेंदों को नसीहत दी। पहली पारी में शतक जमाने वाले रविंद्र ने कुलदीप को छक्का भी लगाया।

हम वापसी करना जानते हैं : रोहित शर्मा

बेंगलुरु (एजेंसी)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को विश्वास है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में आठ विकेट से हारने के बावजूद उनकी टीम वापसी करेगी, जैसे इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ लगातार चार मैच जीतकर की थी। भारतीय टीम पहली पारी में घरेलू टेस्ट में अपने न्यूनतम स्कोर 46 रन पर आउट हो गई थी, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने कुछ हद तक वापसी की। हालांकि, न्यूजीलैंड ने अंततः उन्हें 8 विकेट से हरा दिया। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में रोहित ने कहा, ऐसे मैच होते रहते हैं। हमें इसे पीछे छोड़कर आगे बढ़ना होगा। हमने इंग्लैंड के खिलाफ भी एक मैच हारने के बाद लगातार चार मैच जीते थे, इसलिए हमें पता है कि हर खिलाड़ी को क्या करना है। उन्होंने स्वीकार किया कि हालात को समझने में उनसे गलती हुई, लेकिन यह भी कहा कि उन्होंने यह कल्पना नहीं की थी कि भारतीय टीम पहली पारी में सिर्फ 46 रन पर आउट हो जाएगी।

रोहित ने कहा, मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि हमें शुरुआत में मुश्किलें हो सकती हैं, लेकिन हमने यह नहीं सोचा था कि टीम 46 रन पर सिमट जाएगी। न्यूजीलैंड ने बेहतरीन गेंदबाजी की और हम विफल रहे। उन्होंने दूसरी पारी में भारतीय टीम की वापसी की सराहना की और कहा, जब आप 350 रन से पीछे हों तो ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। लेकिन कुछ अच्छी साझेदारियां बनीं। हम सस्ते में आउट हो सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सरफराज और ऋषभ ने शानदार बल्लेबाजी की। सरफराज ने बहुत ही परिपक्व पारी खेली। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल में खेलने वाले न्यूजीलैंड के खिलाड़ी रचिन रविंद्र ने पहली पारी में शतक जमाया। उन्होंने कहा कि चेन्नई में लाल और काली मिट्टी पर खेलने का अनुभव उन्हें रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा का डटकर सामना करने में मददगार साबित हुआ। रविंद्र ने कहा, चेन्नई में अलग-अलग पिचों पर, लाल और काली मिट्टी पर हमने अभ्यास किया, जिससे काफी फायदा हुआ। रविंद्र के दादा-दादी अभी भी बेंगलुरु में रहते हैं, और परिवार के सामने खेलते हुए शतक बनाना उनके लिए भावुक क्षण था। उन्होंने कहा, यह एक अच्छा शहर है और बल्लेबाजी के लिए अच्छी विकेट थी। परिवार के सामने खेलना बेहद खास था, जिससे मेरी पारी और भी खास हो गई।

रचिन की नेटवर्थ 2 मिलियन डॉलर के आस पास

– रचिन रवींद्र ने की शानदार बैटिंग, लगाया शतक

नई दिल्ली (एजेंसी)। टीम इंडिया के खिलाफ पहली पारी में न्यूजीलैंड के लिए शानदार बैटिंग करते हुए खिलाड़ी रचिन रवींद्र ने शानदार शतक लगाया। टीम इंडिया फिलहाल न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही है। रचिन रवींद्र ने 157 गेंदों में 134 रन की पारी खेली और अंत तक खड़े रहे। अपनी पारी में उन्होंने 14 चौके और 4 छक्के मारे। रचिन का कनेक्शन भारत से रहा है। उनके माता पिता भारत से ही थे। बाद में वह न्यूजीलैंड में जाकर बस गए। रचिन ने 5 साल की उम्र में ही क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था। वह क्लब क्रिकेट खेलने के लिए बैंगलोर भी आया करते थे। वर्ल्डस कप के उद्घाटन मैच में ही उन्होंने इंग्लैंडड के खिलाफ शतक जड़ दिया था। इसके बाद यह बात सामने आई थी कि भारतीय टीम के दिग्गएज प्लेयर राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर के शुरुआती नाम को जोड़कर रचिन का नाम रखा गया है। हालांकि, ऐसा कुछ नहीं था। रचिन नाम रचिन की मां ने सुझाया था

इस बात का खुलासा उनके पिता ने किया था। न्यूजीलैंड के युवा बैटर रचिन रवींद्र जिन्होंने वर्ल्ड कप 2023 के बाद से क्रिकेट में अपनी गहरी पहचान बनाई है। रचिन रवींद्र ने 2023 में ही डेब्यू किया और ईश सोढ़ी के चोटिल होने पर वर्ल्ड कप स्क्वॉड के लिए पहले ऑप्शन बने थे। उन्होंने वर्ल्ड कप में 10 मैच में 578 रन ठोके, जिसमें दो फिफ्टी और 3 शतक शामिल थे। वह शतक बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर थे। रचिन के नेटवर्थ की बात करें तो उनकी कमाई कई रिपोर्ट के अनुसार 2 मिलियन डॉलर (भारतीय रुपयों में करीब 16 करोड़) के आस पास है।

शतक जड़कर श्रेयस अय्यर ने दिखाई दम, टीम में वापसी की जताई इच्छा

नई दिल्ली (एजेंसी)। टीम इंडिया से बाहर चल रहे बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने लंबे समय बाद रणजी ट्रॉफी के मैच में शानदार शतक बनाकर भारतीय टेस्ट टीम में वापसी की अपनी प्रबल इच्छा जताई है। महाराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मैच में अय्यर ने शानदार शतक जड़ा, जो उनके लिए एक भावनात्मक पल था। पीठ की सर्जरी के बाद श्रेयस ने अपनी फिटनेस पर काफी मेहनत की है और टेस्ट क्रिकेट में एक बार फिर से जगह बनाने के लिए तैयार हैं।

श्रेयस अय्यर को पिछले कुछ समय पहले बार-बार पीठ की चोट का सामना करना पड़ा, जिसके कारण उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। इसके चलते वह कई महीनों तक क्रिकेट से दूर रहे। उन्होंने अपने करियर का आखिरी टेस्ट शतक नवंबर 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ कानपुर टेस्ट में जड़ा था, और अब लगभग तीन साल बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शतक बनाया है। अय्यर ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, बहुत लंबे समय बाद वापसी करना मेरे लिए खास है। चोटों के कारण मैं थोड़ा निराश महसूस कर रहा था, लेकिन अब शतक बनाना बेहद संतोषजनक है। अय्यर ने अपनी भावनाओं को साझा करते हुए कहा कि वह भारतीय टेस्ट टीम में वापसी के लिए बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, मैं वापसी के लिए पूरी तरह से उत्सुक हूं, लेकिन मुझे केवल उन्हीं चीजों पर ध्यान देना है जो मेरे नियंत्रण में हैं। मेरा काम है निरंतर अच्छा प्रदर्शन करना और जितना हो सके उतना क्रिकेट खेलना। इसके साथ ही शरीर की फिटनेस बनाए रखना भी बेहद जरूरी है। अय्यर का मानना है कि केवल निरंतर अच्छा प्रदर्शन ही उन्हें फिर से भारतीय टेस्ट टीम में जगह दिला सकता है।

श्रेयस अय्यर ने फरवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में आखिरी बार भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेला था। चोटों के कारण वह अधिक खेल नहीं पाए, और इस साल की शुरुआत में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की केंद्रीय अनुबंध सूची से भी बाहर हो गए थे। हालांकि, उन्होंने अगस्त 2024 में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में हिस्सा लिया था।

श्रेयस अय्यर ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं और यह उनके लिए प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, मैं टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लिए बेताब हूं। यही कारण है कि मैं खेल रहा हूं। अगर ऐसा नहीं होता तो मैं आराम से बैठ सकता था। अय्यर की यह वापसी भारतीय क्रिकेट के लिए एक सकारात्मक संकेत है, और उनके प्रशंसक उम्मीद कर रहे हैं कि वह जल्द ही राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह फिर से पक्की करेंगे।

जोकोविच ने नडाल को, सिनेर ने अल्काराज को हराया

रियाद। इटली के यानिक सिनेर ने कार्लोस अल्काराज को 6.7, 6.3, 6.3 से हराकर सिक्स किंग्स स्लैम नुमाइशी टेनिस चैम्पियनशिप जीती जबकि नोवाक जोकोविच ने तीसरे स्थान के मैच में रफेल नडाल को 6.2, 7.6 से हराया। नडाल अपने कैरियर में आखिरी बार यह चैम्पियनशिप खेल रहे थे। 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नडाल अगले महीने डेविस कप में स्पेन के लिए खेलने के बाद टेनिस को अलविदा कहेंगे। इस नुमाइशी टूर्नामेंट के पिछले दौर में अल्काराज ने नडाल और सिनेर के अलावा जोकोविच को भी हराया था। इस टूर्नामेंट में पुरस्कार राशि मिलती है लेकिन एटीपी अंक नहीं।

वह दिन नदीम का था , पेरिस ओलंपिक भाला फेंक फाइनल पर बोले नीरज चोपड़ा

लखनऊ। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने से चूकने वाले भारत के भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा कि उनके प्रदर्शन में कोई कमी नहीं थी लेकिन वह दिन पाकिस्तान के अरशद नदीम का था जो उन्हें पछाड़कर चैम्पियन बने। चोपड़ा ने आठ अगस्त को हुए फाइनल में 89 . 45 मीटर भाला फेंककर रजत पदक जीता लेकिन नदीम ने नया ओलंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए पहले ही प्रयास में 92 . 97 मीटर का थ्रो फेंककर स्वर्ण पदक जीता। तीसरी ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले चोपड़ा लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड खिलाड़ी बने। चोपड़ा ने यहां पीटीआई को दिये इंटरव्यू में कहा ,'' कुछ भी गलत नहीं था, सब कुछ सही था। थ्रो भी अच्छा था। ओलंपिक में रजत प्राप्त करना भी कोई छोटी चीज नहीं है, लेकिन, मुझे लगता है कि प्रतियोगिता बहुत अच्छी थी और स्वर्ण पदक उसी ने जीता है जिसका वह दिन था। वह नदीम का दिन था।ष्ठ यहां फीनिक्स प्लासियो मॉल में अंडर आर्मर के नए प्रारूप वाले ब्रांड हाउस स्टोर का उद्घाटन करने आये चोपड़ा ने इस धारणा को खारिज किया कि हॉकी और क्रिकेट के बाद भाला फेंक भारत–पाकिस्तान प्रतिद्वंद्विता का गवाह बनने वाला नया खेल बन गया है।

सुल्तान जोहोर कप : भारत ने ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराया जोहोर

ब्राहरू (मलेशिया) (एजेंसी)। दिलराज सिंह और शारदा नंद तिवारी के 2-2 गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराकर सुल्तान जोहोर कप हॉकी टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा। मोहम्मद कोनैन दाद (7वें मिनट) ने भारत का खाता खोला। इसके बाद दिलराज (17वें, 50वें मिनट), शारदा नंद (20वें, 50वें मिनट) ने गोल किए। इसके अलावा मनमीत सिंह (26वें मिनट) ने भी भारत की तरफ से गोल किया। ब्रिटेन की तरफ से रोरी पेनरोज (दूसरे, 15वें मिनट) और माइकल रॉयडेन (46वें, 59वें मिनट) ने 2-2 गोल करके मैच को रोमांचक बनाए रखा।

भारत ने शनिवार को जापान को हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। उसने अपनी वही लय बनाए रखी। लेकिन वह ब्रिटेन था जिसने पहला गोल किया। उसकी तरफ से खेल के दूसरे मिनट में ही पेनरोज ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला। भारत ने हालांकि इसके कुछ देर बाद ही दाद के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से बराबरी कर ली। ब्रिटेन ने 15वें मिनट में फिर से बढ़त हासिल कर ली जब पेनरोज ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला।

भारत ने हालांकि दूसरे क्वार्टर में अपना दबदबा बनाया और लगातार तीन गोल किए। स्ट्राइकर दिलराज ने 17वें मिनट में गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर किया। शारदा नंद ने इसके बाद दिलराज की मदद से पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को मैच में पहली बार बढ़त दिलाई। उन्होंने 26वें मिनट में मनप्रीत की भी गोल करने में मदद की जिससे भारत 4-2 से आगे हो गया। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीम को पेनल्टी कार्नर मिले लेकिन वह उनका नहीं उठा पाए।

ब्रिटेन ने चौथे क्वार्टर के शुरू में रॉयडेन के गोल की मदद से वापसी की कोशिश की। भारत को 50वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला। फॉर्म में चल रहे ड्रैगफ्लिकर शारदा नंद ने मौका नहीं गंवाया और गोल कर दिया। इसके कुछ सेकेंड बाद दिलराज ने मैदानी गोल करके स्कोर 6-3 से भारत के पक्ष में कर दिया। रॉयडेन ने 59वें मिनट में अपना दूसरा और ब्रिटेन की तरफ से चौथा गोल किया लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हो पाया। भारत ने लगातार दूसरा मैच जीत पर तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए।

लुका मोड्रिक रियल मैड्रिड के लिए खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए

पोंटेवेद्रा (स्पेन)। कप्तान लुका मोड्रिक विगो में रियल मैड्रिड के इतिहास में एक आधिकारिक मैच में प्रतिस्पर्धा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। क्रोएशियाई खिलाड़ी 39 साल और 40 दिन की उम्र में बैलाडोस में सेल्टा के खिलाफ मैच में उतरे और फेरेंक पुस्कस के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। 39 साल और 40 दिन की उम्र में बैलाडोस में मैदान पर उतरने वाले कप्तान ने पुस्कस के 1966 से बने रिकॉर्ड को 4 दिनों से हरा दिया। हंगेरियन ने हमारे क्लब के लिए अपना आखिरी आधिकारिक मैच 1966 में 39 साल और 36 दिन की उम्र में खेला था। इसके अलावा, लुका ने रियल मैड्रिड के खिलाड़ी के रूप में अपनी 250वीं लालिगा जीत भी दर्ज की। मिडफील्डर, जिसने प्रतियोगिता में अपना 369वां गेम खेला, क्लब में अपने 13वें सीजन में इस मील के पत्थर तक पहुंचा। 2 सितंबर 2012 को लालिगा में पदार्पण करने के बाद से, मोड्रिक ने टीम को 4 मौकों (2017, 2020, 2022 और 2024) में चैंपियनशिप जीतने में मदद करने के लिए 28 गोल किए हैं। जिस टीम के खिलाफ उन्होंने लीग में सबसे अधिक जीत हासिल की है वह सेल्टा है, जिसे उन्होंने 19 मौकों पर हराया है। मॉड्रिच रियल मैड्रिड के इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने 547 खेलों में 27 खिताब जीते हैं- 6 यूरोपीय कप, 5 क्लब विश्व कप, 5 यूरोपीय सुपर कप, 4 स्पेनिश लीग खिताब, 2 स्पेनिश कप और 5 स्पेनिश सुपर कप।

ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफीका दौरे के लिए इस खिलाड़ी पर दांव खेल सकता हैं पीसीबी

मुंबई। पीसीबी द्वारा ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफीका में होने वाली सीरीज के लिए टीम की घोषणा करने पर अनुभवी विकेटकीपर–बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान सफेद गेंद के प्रारूप में पाकिस्तान टीम के कप्तान बन सकते हैं। पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने पिछले दो दिनों में पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के साथ बैठक की है, और टीम के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन से भी सलाह ली है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सूत्र ने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा टेस्ट 28 अक्टूबर को समाप्त होगा और टीम को अगले दिन ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगी। इसलिए चयनकर्ता रविवार तक टीम की घोषणा करनी होगी। सूत्र ने कहा, रिजवान अपनी वरिष्ठता, एक खिलाड़ी के रूप में अपनी विश्वसनीयता और घरेलू क्रिकेट और पीएसएल में टीमों का नेतृत्व करने के अपने अनुभव के कारण कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं।बाबर आजम ने माह की शुरुआत में पाकिस्तान की कप्तानी छोड़ कर कहा था कि वे अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देना चाहते हैं। पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफीका में नौ वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं। स्वदेश लौटने से पहले उन्हें दक्षिण अफीका के खिलाफ दो टेस्ट मैच भी खेलने हैं। सूत्र ने कहा कि चूंकि बोर्ड ने अब चयनकर्ताओं को कप्तान चुनने का अधिकार दे दिया है। आकिब, अजहर अली और अलीम डार ने जाहिर तौर पर रिजवान से बातचीत की है और उनसे यह जिम्मेदारी संभालने की इच्छा जाहिर की है। सूत्र ने कहा कि चयनकर्ता बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह को इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी दो टेस्ट मैचों के लिए आराम दिए जाने के बाद सफेद गेंद की टीम में शामिल कर सकते हैं।

फिट होने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं जेवियर

एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के 25 वर्षीय उभरते तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट पूरी तरह से फिट होने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। सितंबर में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच के दौरान बार्टलेट को साइड स्ट्रेन की समस्या हुई थी, जब वह इंग्लैंड की धरती पर अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे थे। उन्होंने मात्र के 3.4 ओवर ही गेंदबाजी किया था। चोट के कारण वह टी20 सीरीज के बाकी मैच और उसके बाद पांच मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए। बार्टलेट के लिए यह निराशाजनक क्षण था, जिन्होंने फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे में लगातार 4 विकेट चटकाए थे। चोट और उसके ठीक होने के बारे में बताते हुए बार्टलेट ने कहा, मुझे उस साइड स्ट्रेन से उबरने में लगभग 5 सप्ताह हो गए हैं। मैं अब पूरी तरह से तैयार हूं, इसलिए यह वास्तव में आकार लेने लगा है। मैंने पहले कभी ऐसा नहीं किया है... यह वास्तव में निराशाजनक था। पाकिस्तान के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय टीम में जगह बनाने से चूकने के बावजूद बार्टलेट को इसके बाद होने वाली टी20 श्रृंखला में वापसी की उम्मीद है। सिडनी, होबार्ट और ब्रिस्बेन में होने वाले मैचों के साथ बार्टलेट की नजरें 14 नवंबर को गाबा में होने वाले पहले टी20 पर टिकी हैं। एक ऐसा स्थान जहां उन्होंने ब्रिस्बेन हीट के लिए खेलते हुए एक प्रभावशाली रिकॉर्ड बनाया है। बार्टलेट ने कहा, यह कुछ ऐसा है जिसका आप बचपन में सपना देखते हैं, ऑस्ट्रेलिया के लिए अपने घरेलू मैदान पर खेलने की कोशिश करना। इसलिए अगर ऐसा अवसर आता है, तो यह एक बहुत अच्छा पल होगा। बार्टलेट ने गाबा में शानदार प्रदर्शन किया है, हीट के लिए सिर्फ 13 मैचों में 20 विकेट लिए हैं, औसतन हर 13 गेंदों पर एक विकेट। ऑस्ट्रेलिया के लिए अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलना उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा जिससे उन्हें अपनी रिकवरी के लिए प्रेरणा मिलेगी। राष्ट्रीय टीम में वापसी करने से पहले बार्टलेट को क्वींसलैंड के लिए आगामी शेफील्ड शील्ड और एक दिवसीय मैचों में खेलने की उम्मीद है ताकि वह मैच फिटनेस हासिल कर सकें।

मैं बचपन से ही सपना देख रहा था इस शतक का : सरफराज खान

बेंगलुरु (एजेंसी)। खेले जा रहे न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में युवा बल्लेबाज सरफराज खान ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक जड़कर न केवल भारतीय टीम को मुश्किल हालात से बाहर निकालने की कोशिश किया है, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि वह महज स्थानापन्न खिलाड़ी नहीं हैं। शुभमन गिल की चोट के कारण अंतिम एकादश में शामिल हुए सरफराज ने शानदार 150 रन बनाए और ऋषभ पंत (99) के साथ मिलकर 177 रनों की अहम साझेदारी की। उनकी इस पारी ने भारत को पहली पारी में 356 रन से पिछड़ने के बावजूद मैच में बनाए रखा और न्यूजीलैंड के सामने 107 रन का लक्ष्य रखा।

सरफराज खान के लिए यह शतक खास था क्योंकि यह उनके बचपन का सपना था। उनके पिता नौशाद का भी सपना था कि उनका बेटा टेस्ट क्रिकेट में बड़ा स्कोर बनाए। मैच के बाद सरफराज ने संवाददाता सम्मेलन में अपने पिता का जिक्र करते हुए कहा, मैं अपने पिता से अक्सर बात करता हूं क्योंकि वह मुझे हर समय प्रेरित करते रहते हैं। भारत के लिए खेलते हुए यह मेरा पहला शतक था, और यह मेरे लिए बहुत खास है। सरफराज जानते हैं कि भारतीय टीम के मध्यक्रम में जगह बनाना आसान नहीं है, लेकिन उन्होंने कहा कि वह भविष्य के बारे में ज्यादा नहीं सोचते। मैं अब केवल वर्तमान में जीना चाहता हूं, उन्होंने कहा, यह बताते हुए कि भविष्य की चिंता करने से उनका वर्तमान प्रभावित हो सकता है।

सरफराज ने अपनी पारी के दौरान न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों की शॉर्ट पिच गेंदों पर बेहतरीन ऑफ साइड खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने 150 रन में से 83 रन ऑफ साइड में बनाए। उन्होंने कहा, मैं ऊंची उठती गेंदों को खेलना पसंद करता हूं। मुंबई में उछाल भरी पिचों पर मैं नियमित रूप से अभ्यास करता हूं, जिससे मुझे ऐसी गेंदों को खेलने में आसानी होती है। सरफराज ने ऋषभ पंत के साथ चौथे विकेट के लिए 177 रन जोड़े। पंत, जो अपनी चोट से उबर रहे थे, शुरुआत में लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे थे। ऐसे में सरफराज ने पहले घंटे में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों का सामना किया और स्पिनरों के आने के बाद पंत को स्ट्राइक दी, जिससे पंत अपनी शैली में बल्लेबाजी कर सके।

भूल भुलैया 3-सिंघम अगेन के टकराव से नाखुश हैं बज्मी? रोहित शेट्टी की फिल्म को लेकर कहा

निर्देशक अनीस बज्मी वर्तमान में अपनी फिल्म भूल भुलैया 3 की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। हॉरर कॉमेडी फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त में रूह बाबा के रूप में कार्तिक आर्यन की वापसी है। फिल्म में कार्तिक, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित नेने के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे।

भूल भुलैया 3, 1 नवंबर, 2024 को अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन के साथ टकराने के लिए तैयार है। इस टकराव पर अब अनीस बज्मी ने खुलकर बात की है। साथ ही अपने बयान से हर का ध्यान आकर्षित करते नजर आए हैं। एक हालिया इंटरव्यू में अनीस बज्मी ने कहा कि वह रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन को देखने वाले पहले व्यक्ति होंगे। अनीस बज्मी ने साफ किया कि दो बड़ी फिल्में पहले भी एक ही दिन रिलीज हुई हैं और सफल भी रही हैं। उन्हें उम्मीद है कि भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन दोनों ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेंगी।

अनीस बज्मी ने कहा, मैं क्लैश जैसे शब्दों पर विश्वास नहीं करता। सिंघम अगेन से जुड़े बहुत से लोग मेरे दोस्त हैं। मुझे यकीन है कि उन्होंने जबर्दस्त एक्शन वाली एक महंगी फिल्म बनाई है। मैं सिंघम अगेन देखने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा, और मुझे उम्मीद है कि दर्शक दोनों फिल्में देखेंगे। उसी बातचीत में, अनीस ने आगे खुलासा किया कि क्या उन्होंने भूल भुलैया 2 के बाद तीसरी किस्त में तब्बू को कास्ट करने पर विचार किया। निर्देशक ने कहा, तब्बू जी एक शानदार अभिनेत्री और मेरी प्रिय मित्र हैं। भूल भुलैया 2 की सफलता में उनके प्रदर्शन की बहुत बड़ी भूमिका थी। लेकिन वह बिंदु जहां मैंने उनके किरदार को छोड़ दिया था, उसे आगे ले जाना उचित नहीं होगा। आकाश कौशिक द्वारा लिखित और अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित भूल भुलैया 3 दिवाली 2024 के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में कार्तिक आर्यन के अलावा, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित, राजपाल यादव, तृप्ति डिमरी, विजय राज, संजय मिश्रा और अश्विनी कालसेकर जैसे सितारे भी मुख्य भूमिका में हैं। कथित तौर पर भूल भुलैया 3 का बजट 150 करोड़ रुपये है।

आलिया भट्ट ने कृति सेनन को उनके प्रोडक्शन की पहली फिल्म दो पत्ती के लिए दी बधाई

आलिया भट्ट फिलहाल जिगरा में नजर आ रही हैं, जिसमें उनके साथ वेदांग रैना भी मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म को मिले-जुले रिव्यू मिल रहे हैं। इस बीच आलिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कृति सेनन को उनके प्रोडक्शन की पहली फिल्म दो पत्ती के लिए बधाई दी और साथ ही एक खास नोट भी लिखा। हाल ही में मेकर्स ने दो पत्ती का ट्रेलर रिलीज किया। प्रशंसकों को दो पत्ती का सस्पेंस से भरपूर ड्रामा काफी पसंद आ रहा है। आलिया ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर ट्रेलर साझा किया और लिखा, आपके पहले प्रोडक्शन के लिए बधाई-कृति सेनन। इसे देखने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकती। दो पत्ती इस साल की सबसे प्रतीक्षित रिलीज में से एक है। इस फिल्म में काजोल एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाती नजर आएंगी, जबकि कृति इस फिल्म में डबल रोल में नजर आएंगी। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित, दो पत्ती को कृति और कनिका ढिल्लन द्वारा समर्थित किया गया है। देवीपुर में सेट, दो पत्ती रहस्य, रोमांच और ड्रामा से भरपूर एक मर्डर मिस्ट्री के इर्द-गिर्द घूमती है। काजोल एक पुलिस वाली की भूमिका में हैं, जिसे एक मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने का काम सौंपा जाता है, जैसे-जैसे ट्रेलर आगे बढ़ता है, दर्शकों को कृति की सौम्या और शहीर शेख की ध्रुव से मिलवाया जाता है। यह जोड़ा एक-दूसरे से बहुत प्यार करता है, लेकिन जब सौम्या की जुड़वां बहन तस्वीर में आती है तो कहानी एक अलग मोड़ लेती है। उनके निजी और वैवाहिक जीवन में तबाही मचा जाती है, जिससे चीजें बिगड़ जाती हैं। कहानी इस बात के इर्द-गिर्द घूमती है कि कैसे ध्रुव को हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तार किया जाता है और कैसे काजोल जुड़वा बहनों के मामले को सुलझाती है। दो पत्ती से कृति और कनिका ढिल्लन ने निर्माता के रूप में अपनी शुरुआत की है। कनिका ने एक इंटरव्यू में कहा, दो पत्ती एक बहुत ही खास प्रोजेक्ट है और अपने दर्शकों को एक बेहतरीन कहानी देने से बड़ी संतुष्टि और कुछ नहीं हो सकती, जो रोमांचकारी और देखने में काफी दिलचस्प हो। इस फिल्म में आप कृति को एक ऐसे अवतार में देखेंगे, जो रोमांच से भरा होगा, जिसे आपने पहले कभी अनुभव नहीं किया होगा। वहीं काजोल को लेखक-निर्माता के रूप में देखना बहुत खुशी की बात है।



पिता मुकेश गौतम के लिए बेहद खुश और भावुक हैं यामी गौतम

अभिनेत्री यामी गौतम अपने पिता मुकेश गौतम के राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने से बेहद खुश हैं। सोशल मीडिया पर अपने पिता की प्रशंसा करने के बाद अभिनेत्री ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर पिता के साथ राष्ट्रीय पुरस्कार के साथ दो तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर यामी गौतम ने बताया कि वह अपने पिता के राष्ट्रीय पुरस्कार पाने पर काफी खुश हैं। इसके साथ ही वह इस पल को लेकर वह भावुक भी हैं। यामी गौतम के पिता मुकेश गौतम ने अपनी फिल्म बागी दी धी के लिए सर्वश्रेष्ठ पंजाबी फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर अभिनेत्री ने कैप्शन में एक लंबा नोट भी लिखा 'काश मैं बता पाती कि इस समय मेरा दिल कितना खुश और भावुक है।' 'मेरे पिता मुकेश गौतम का राष्ट्रीय पुरस्कार जीतना, इस बात का सच्चा प्रमाण है कि समय की कसौटी पर खरा उतरने और इसे साकार करने के लिए आपको किसी और की नहीं बल्कि अंतरात्मा की जरूरत होती है।' 'मेरे पिता की नैतिकता, काम के प्रति जुनून और जीवन में ईमानदारी उनकी सबसे बड़ी संपत्ति है और उनके बच्चों के लिए सबसे महत्वपूर्ण विरासत भी है।' यामी ने बताया 'मेरे सबसे अच्छे मार्गदर्शक होने से लेकर ट्रेन में अकेले चढ़ने के लिए सबसे स्पष्ट निर्देश देना हो, सफर के दौरान उनके कुछ सबसे यादगार अनुभव, चाहे कितनी भी कठिन परिस्थितियां रही हों, अपना सर्वश्रेष्ठ देने की क्षमता, हर हाल में खुश रहना हमें आपने ही सिखाया।

सेंसर बोर्ड से पास हुई कंगना रनौत की इमरजेंसी, जल्द होगा प्रदर्शन तिथि का ऐलान

कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को लेकर हुए विवाद की वजह से फिल्म की रिलीज टाल दी गई थी। ये फिल्म 6 सितंबर को रिलीज होनी थी लेकिन सिख समुदाय की आपत्ति की वजह से इसे टाल दिया गया था। मामला कोर्ट में था। हालांकि, अब कंगना और उनके फैंस के लिए खुशी की खबर ये है कि फिल्म को सेंसर बोर्ड ने हरी झंडी दे दी है। फिल्म की रिलीज की तारीख अब जल्द ही तय होगी। कंगना रनौत ने एक्स पर पोस्ट कर बताया है कि फिल्म को सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिल गया है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए लिखा, हमें ये बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमें सेंसर बोर्ड से हमारी फिल्म इमरजेंसी के लिए सर्टिफिकेट मिल गया है। हम जल्द ही फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा करेंगे। आपके सब्र और सपोर्ट के लिए शुक्रिया। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर ये बताया गया था कि फिल्म 6 सितंबर को रिलीज होगी। लेकिन फिल्म पर सिख समुदाय ने आपत्ति की थी, जिसके बाद फिल्म की रिलीज को टाल दिया गया था। मामला मध्य प्रदेश की हाईकोर्ट तक पहुंच गया। इसके बाद फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी गई। जानकारी के मुताबिक सेंसर बोर्ड ने फिल्म को सर्टिफिकेट देने के लिए कुछ शर्तें भी रखी थीं, और कुछ सीन में आपत्ति जताते हुए मेकर्स को कुछ उनमें बदलाव के लिए सुझाव भी दिए थे।

श्रद्धा कपूर नहीं कियारा आडवाणी और शरवरी वाघ होंगी धूम 4 का हिस्सा

धूम फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त धूम 4 उत्साह की लहर पैदा कर रही है। हालांकि, आधिकारिक घोषणा का अभी भी इंतजार है। रणबीर कपूर के एक्शन से भरपूर फ्रेंचाइजी में शामिल होने की अफवाहों के साथ यह फिल्म कई महीनों से चर्चा का विषय बनी हुई है। शुरुआती रिपोर्टों में सुझाव दिया गया था कि श्रद्धा कपूर को उनकी को-स्टार के रूप में लिया जा सकता है, जिससे चर्चा पैदा हो सकती है। यह जोड़ी साल 2023 में तू झूठी मैं मक्कार में अपनी ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री से धमाल मचा चुकी है। हालांकि, नवीनतम अफवाहें एक अलग कास्टिंग लाइनअप का सुझाव देती हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, श्रद्धा कपूर अब धूम 4 की दौड़ में नहीं हैं। श्रद्धा के बजाए कियारा आडवाणी और शरवरी वाघ को फिल्म की प्रमुख महिलाओं के रूप में माना जा रहा है। इसमें एक अभिनेत्री कॉप और दूसरी खलनायक की भूमिका में नजर आएंगी। रिपोर्ट से ये साफ नहीं हो सका है कि कौन सी अभिनेत्री पुलिसवाली और कौन सी खलनायक की भूमिका निभाएंगी। वहीं, इन रिपोर्ट्स पर अभी आधिकारिक मुहर लगना भी बाकी है।

सोशल मीडिया यूजर्स ने दी प्रतिक्रिया

प्रशंसकों ने अपनी राय व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया, कुछ ने शरवरी वाघ की संभावित भागीदारी के लिए उत्साह दिखाया, जबकि अन्य ने कियारा आडवाणी की कास्टिंग पर निराशा व्यक्त की। एक यूजर ने कियारा की आलोचना करते हुए कहा कि उनकी लोकप्रियता के बावजूद उनकी भूमिकाओं में दोहराव महसूस होता है। दूसरी ओर, ऐसा लगता है कि शरवरी के नाम पर अधिक सकारात्मक प्रतिक्रियाएं आई हैं, कई लोग उन्हें धूम जैसी प्रमुख फ्रेंचाइजी में देखने के लिए उत्सुक हैं।

अंकिता लोखंडे ने बताया सेल्फ लव है सबसे बेहतरीन

टीवी जगत की खूबसूरत अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने हाल ही में साड़ी में सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा की हैं। लेटेस्ट पोस्ट में उन्होंने एक वीडियो शेयर की है। पवित्र रिश्ता की अर्चना ने बताया कि सेल्फ लव सबसे बेहतरीन तरह का प्यार है। इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो साझा कर पवित्र रिश्ता से घर-घर लोकप्रिय हुई अंकिता लोखंडे ने कैप्शन में लिखा 'सेल्फ लव सबसे बेहतरीन तरह का प्यार है, मैं जैसी हूं, बिल्कुल वैसी ही हूं और सेल्फ लव मुझ पर अच्छा लगता है। साथ ही उन्होंने लिखा, सेल्फ लव स्वार्थ नहीं है, यह महत्वपूर्ण है और सेल्फ लव मुझ पर अच्छा लगता है। साड़ी के साथ अंकिता ने मुलायम, कर्ल बालों को स्टाइल किया, जो उन पर काफी फब रहा है। वीडियो के अलावा अंकिता ने कुछ खूबसूरत साड़ी की तस्वीरें भी साझा कीं, इसमें एक्ट्रेस पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीरों में टीवी कलाकार खूबसूरत लग रही हैं। सोशल मीडिया पर प्रशंसक अंकिता की तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। प्रशंसकों ने कमेंट सेक्शन को अंकिता लोखंडे की प्रशंसा से भर दिया। वर्ष 1984 में जन्मी अंकिता लोखंडे को पवित्र रिश्ता से घर-घर पहचान मिली। शो में उनका नाम अर्चना था और उनके साथ लीड रोल में सुशांत सिंह राजपूत थे।



तुम बिन 2 से उम्मीदें थीं, किस्मत ने साथ नहीं दिया

एक्टर आदित्य सील हाल ही में फिल्म अमर प्रेम की प्रेम कहानी में नजर आए। एक्टर की मानें तो फिल्म इंडस्ट्री में टिके रहना और कामयाबी हासिल करना आसान नहीं होता। हाल ही में आदित्य ने अपने करियर के मुश्किल पलों, असफलताओं और सक्सेस के सफर पर बात की।

तुम बिन 2 से उन्हें काफी उम्मीदें थीं आदित्य ने बताया कि उनकी फिल्म तुम बिन 2 से उन्हें काफी उम्मीदें थीं, लेकिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर वो कमाल नहीं किया जिसकी उम्मीद थी। उन्होंने कहा, जब तुम बिन 2 आई, तो उस समय मुझे लगा था कि अब मेरे करियर का टर्निंग पॉइंट आ गया है। फिल्म में सबकुछ सही था ह्व हमारे डायरेक्टर अनुपम सिन्हा थे, प्रोड्यूसर टी-सीरीज था, म्यूजिक भी बहुत बढ़िया था। पुराना गाना तेरी फरियाद भी रीक्रिएट किया गया था। लेकिन बदकिस्मती से, फिल्म नोटबंदी के समय रिलीज हुई। इसका हमें बड़ा नुकसान हुआ। उस वक्त, मुझे लगा कि किस्मत ने साथ नहीं दिया, जबकि फिल्म में मेरा परफॉर्मेंस अच्छा था।

फिल्म रिलीज के बाद का स्ट्रगल

तुम बिन 2 के बाद रिजेक्शन से निपटना आदित्य के लिए कठिन रहा। उन्होंने कहा, उस फिल्म से मेरे परिवार और मुझसे बहुत उम्मीदें थीं। मैं सोच रहा था कि अब शायद ऑडिशन देने की जरुरत नहीं पड़ेगी, और काम आसानी से मिलना शुरू हो जाएगा। लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ, तो मुझे समझ नहीं आया कि कैसे डील करूं। घर पर रहना और परिवार से बात करना मुश्किल हो गया था। मैं पूरा दिन बाहर रहता था, रात को देर से घर आता था ताकि मां-पापा से सामना न हो। मुझे डर था कि कहीं घरवालों में से कोई कह दे कि हमने गलत फैसला लिया, और ये बात मुझे तोड़ देती।

उस वक्त किसी भी तरह का निगेटिविटी नहीं झेल सकता था

उन्होंने आगे कहा, मैं पूरा दिन घर से बाहर रहता, सड़कों पर घूमता या दोस्तों को कॉल करता। अगर कोई फ्री होता, तो मिल लेता। नहीं तो गाड़ी में बैठकर कहीं कुछ खाने चला जाता। मुझे पता था कि घर जाना मतलब रिजेक्शन सुनना। मैं उस वक्त किसी भी तरह का निगेटिविटी नहीं झेल सकता था। लेकिन मुझे ये भी पता था कि कुछ और मुझे करना नहीं आता, और एक्टिंग ही मेरी जिंदगी है। मेरी मां बहुत चिंता करती थीं, लेकिन पापा ने मुझे समझाया कि मैं अच्छा काम कर रहा हूं और मुझे बस लगे रहना चाहिए। पापा के इन शब्दों ने मुझे वो हिम्मत दी, जिसकी मुझे सख्त जरूरत थी। उन्होंने कहा कि तू बस अपना काम करता रह, बाकी चीजों की टेंशन मत ले। ये सुनने के बाद मैंने खुद को संभाला और फिर से कोशिश शुरू की।

स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 बना टर्निंग पॉइंट

आदित्य के करियर का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 साबित हुआ। इस फिल्म को हासिल करने का उनका सफर भी काफी दिलचस्प रहा। उन्होंने कहा, जब स्ह्लञ्ज 2 की कास्टिंग चल रही थी, तो मुझे लगा था कि किसी और को कास्ट कर लिया गया है। मुझे ऑडिशन पाने के लिए भी काफी मेहनत करनी पड़ी। लेकिन जब मुझे ऑडिशन का मौका मिला, तो मैंने पूरी मेहनत से दिया। फिर पुनीत मल्होत्रा (डायरेक्टर) से मिला, और उन्होंने मेरा ऑडिशन देखकर कहा कि मुझे पसंद आया, लेकिन आखिर फैसला करण जौहर का होगा।

करण जौहर का फैसला

आदित्य ने बताया कि कुछ दिन बाद न्यूज में पढ़ा कि किसी और एक्टर को कास्ट कर लिया गया है। उन्होंने पुनीत और करण सर को मैसेज किया और कहा कि अगर ऐसा है तो मुझे साफ-साफ बता दीजिए। लेकिन करण ने जवाब दिया, तू फाइनल है मेरे लिए। उस वक्त पेपर पर साइन नहीं हुए थे, लेकिन करण सर के उस एक लाइन ने मुझे बहुत राहत दी।

स्क्रीन पर खलनायक बनने का सपना

आदित्य ने अपने ड्रीम रोल के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, मैं संजय दत्त साहब की फिल्म खलनायक के बल्लू बलराम वाले रोल से बहुत इंस्पायर हूं। मुझे हमेशा से वो किरदार करना है। बचपन से ही इस रोल को देखकर बड़ा हुआ हूं, और ये मेरा ड्रीम रोल है।